CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 15°C

मुरादाबाद, शनिवार 7 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरीः एडमिरल त्रिपाठी पेज 2



विश्वकप फाइनल में खेलना, मेरे बेहतरीन पलों में एकः संजू सैमसन खेल टाइम्स



न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध सम्पादकीय



लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयारः आईआरजीसी पेज 12

## 17वां रोज़ा

### आखिरत की फिक्र और अल्लाह का जिक्र है रोज़ा



मगफिरत के अशरे के आईने में देखें तो सत्रहवां रोज़ा आखिरत की फिक्र है, अल्लाह का ज़िक्र है। इस बात को इस तरह समझना होगा-किसी भी शख्स के सामने मोटे तौर पर दो ही तरह से फिक्र होती है, दुनियावी और दीनी। दुनियादारी के दलदल से निकलकर दीनदारी के जरिये ही दरअसल आखिरत की फिक्र है। आखिरत की फिक्र असल में मगफिरत की फिक्र है, रोज़ा जिसका रूहानी रास्ता है। सत्रहवां रोज़ा चूंकि रमज़ान माह के मगफिरत के अशरे का हिस्सा है, इसलिए आखिरत की फिक्र के साथ-साथ मगफिरत की मंजिल पर पहुंचने के लिए अल्लाह के ज़िक्र में रोज़ेदार को मशगूल रखने का सिलसिला भी है।

# UPSC 2025 का अंतिम परिणाम घोषित

## अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. व तीसरा स्थान अकांश ढुल ने हासिल किया

शाह टाइम्स ब्यूरो



अनुज अग्निहोत्री



राजेश्वरी सुवे एम.



अकांश ढुल

■ विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं।

यूपीएससी के अनुसार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए 9,37,876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14,161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की। मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था। अंतिम परिणाम के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है। इस वर्ष की परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### शामली की आस्था जैन ने हासिल की नौवीं रैंक



**शामली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है।

शहर की होनहार बेटी आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा मनवाया था। आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

### सिर्फ व्हाट्सएप चैट से तलाक नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ व्हाट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही। बेंच ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए। महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी।

# ईरान का अमेरिका की 'आंख' पर हमला

## लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत का 5000 किमी रेंज वाला वॉर्निंग सिस्टम किया तबाह

दोहा, वार्ता



■ कम लागत वाले शाहेद ड्रोन से उड़ाया
■ सैटेलाइट तस्वीरों से पुष्टि व हमले के तरीके का खुलासा

**पश्चिम एशिया** में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है।

इस हमले को अमेरिका के लिए बड़ा नुकसान करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी पोत को डुबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्म्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की आंख के रूप में देखा जाता था और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है। अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132 (ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला संभवतः कम लागत वाले हमलावर ड्रोन, शायद शाहेद जैसे से किया गया होगा। मिसाइलों और ड्रोन के एक साथ बड़े हमले के दौरान, यह ड्रोन रक्षा तंत्र को भेदने में सफल रहा। यह रडार सिस्टम अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियान द्वारा अपग्रेडेड अर्ली वार्निंग रडार (यूईडब्ल्यूआर) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया था। इसकी 5000 किलोमीटर तक की दूरी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने की क्षमता इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च का शुरुआती अलर्ट देने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतर में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण, यह ईरान, इराक, सीरिया, तुर्किये, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और हिंद महासागर तक की निगरानी कर सकता था।

### जंग से इजरायल को हर हफ्ते अरबों डॉलर का नुकसान

**यरूशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण इजरायल की अर्थव्यवस्था को हर सप्ताह भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इजरायल के वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण देश की अर्थव्यवस्था को हर हफ्ते लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब 3 अरब डॉलर) का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड के प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को पत्र लिखकर आर्थिक गतिविधियों पर लगे कड़े प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह बंद रखना बेहद महंगा साबित हो रहा है। पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों और युद्ध के असर के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पहले ही भारी बोझ पड़ा है। ऐसे में अब ऐसा समाधान तलाशना जरूरी है, जिससे सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों दोनों का संतुलन बना रहे। दरअसल, पिछले सप्ताह शनिवार को इजरायल व अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद इजरायली रक्षा बलों के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश में सख्त दिशानिर्देश लागू कर दिए थे। इसके तहत सभी तरह की सार्वजनिक सभाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और गैर-जरूरी कार्यस्थलों को बंद करने का आदेश दिया गया था।

### ईरान ने 22वीं बार इजरायल पर दागीं मिसाइलें

■ कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला, सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का शुक्रवार को सातवां दिन था। ईरान ने इजरायल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं। दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान ने गुरुवार रात को इजरायल के खिलाफ कलस्टर बमों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीद में दी अस्थायी छूट



■ प्रतिबंधों में ढील 30 दिन तक समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही सीमित

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने विशेष रूप से भारत के लिए अपने प्रतिबंधों में ढील देते हुए उसे 30 दिन तक रूस से कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने की छूट दी है, हालांकि यह छूट समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही है।

अमेरिका ने किसी भी देश के रूस से कच्चा तेल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने पर एकतरफा प्रतिबंध लगाया हुआ है। उसका कहना था कि रूस कच्चे तेल की बिक्री से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के वित्त पोषण के लिए कर रहा है। यहां तक कि रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने के लिए उसने अगस्त 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क भी लगाया था, जिसे इस साल फरवरी के पहले सप्ताह में हटा लिया गया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, हालांकि भारत सरकार ने अमेरिका के इस दावे को कभी स्वीकार नहीं किया और कहा कि भारत अपने हितों के अनुरूप तेल की खरीद जारी रखेगा। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत को 30 दिन के लिए विशेष छूट देने की घोषणा की और कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की आपूर्ति बाधित करने के ईरान के प्रयासों को विफल करना है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग ने भारतीय तेल रिफाइनरियों को 30 दिन के लिए (4 अप्रैल तक) रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट दे रहा है। उन्होंने लिखा कि सोझ-समझकर दी गई इस कुछ दिन की छूट से रूस की सरकार को बहुत ज्यादा वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में फंसे (तेल वाहक जहाजों में लदे) तेल की खरीद के लिए है।





### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप सिद्ध होने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उन्हें भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी की रिपोर्ट, अभिलेखीय साक्ष्य, संबंधित अधिकारी के स्पष्टीकरण और लोक सेवा आयोग की सहमति के बाद यह कठोर कार्रवाई की गई। पांडेय पर लगाए गए 15 आरोपों में से 14 आरोप जांच में सिद्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने वित्तीय अनियमितताएं, कदाचार, तथ्यों को छिपाने, न्यायिक आदेशों की अनदेखी और नियमों के विरुद्ध आदेश पारित कर अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर कृत्य किए। इसे उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1956 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। आरोप है कि एक मदरसे में पहले से सेवा समाप्त किए जा चुके व्यक्ति के लिए बिना वैध पुनर्नियुक्ति आदेश के वित्तीय अनुमोदन बहाल कर वेतन भुगतान का आदेश दिया गया।

# कर्नाटक में बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगेगा बैन





■ ऐसा निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी, आंध्र में भी तैयारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे, ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (डीपीडीपी) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवम्बर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ज्पाज्वा, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचौट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफॉर्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।

# सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत

■ स्क्वाड्रन लीडर अनुज व फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर हुए हादसे का शिकार

**नई दिल्ली।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई है। वायुसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। दुर्घटना जोरहाट से 60 किमी दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायुसेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायुसेना ने बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ था।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

रिश्तों का कत्ल

# प्रेम विवाह और मुकदमेबाजी की रंजिश में दामाद ने सास को उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के गाँव फूलसंदा में शुक्रवार की रात को रिश्तों की मर्यादा उस समय तार-तार हो गई, जब एक युवक ने अपनी ही सास की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रेम प्रसंग, जबरन शादी और अदालती रंजिश के इस त्रिकोण ने एक महिला की जान ले ली। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार मामले की जड़ें कुछ समय पुरानी हैं। मृतका बबली ने अपनी पुत्री की शादी बड़ी उम्मीदों के साथ दूसरी जगह की थी। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। युवती अपनी ससुराल में अधिक दिन नहीं टिकी और वापस लौट आई। इसके बाद वह घर के बराबर में रहने वाले अपने पूर्व प्रेमी के साथ चली गई। दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली और साथ रहने लगे।

पुत्री के इस कदम से परिवार की बदनामी और आपसी रंजिश इस कदर बढ़ी कि मामला थाने और कचहरी तक पहुच गया। मृतका बबली और उसके नए दामाद (बेटी के प्रेमी) के बीच गंभीर मुकदमेबाजी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि इसी कानूनी लड़ाई और आए दिन के विवादों से क्षुब्ध होकर दामाद ने खौफनाक कदम उठाने की योजना बनाई। शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे मौका पाकर आरोपी दामाद ने बबली को निशाना बनाया और उसे गोली मार दी। गोली लगते ही बबली लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस बल भारी संख्या में फूलसंदा पहुँचा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपराध निरीक्षक विपिन चौधरी का कहना है कि जांच की जा रही है।शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# असद अकील ने यूपीएससी में हासिल की 321वीं रैंक

## मध्यम वर्गीय परिवार के होनहार बेटे ने सीएसआईआर में जॉब के साथ की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के छह मार्च को आए फाइनल रिजल्ट में नगीना निवासी असद अकील अंसारी ने 321वीं रैंक हासिल कर परिवार सहित नगर का नाम रोशन किया है। यूपीएससी में उनके सेलेक्ट होने की खबर होते ही जहां उनके घर बधाई देने वालों का तांता लग गया वही सोशल मीडिया पर विभिन्न ग्रुपों में सेलेक्ट होने की सूचना व बधाई संद.श वायरल होने लगे।

नगर के पूर्वी उत्तरी क्षेत्र के मौहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी व पेशे से बकरी कारोबारी अकील अहमद के सबसे बड़े बेटे असद अकील पहले भी कई सरकारी नौकरियों में सलेक्ट हो चुके हैं। आईबी जैसे महत्वपूर्ण विभागो में जिम्मेदार पदों को अपने आईएएस बनने के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से त्याग चुके असद अकील फिलहाल सीएसआईआर में असिस्टेंट अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं।





उनकी माता का नाम ताहिरा अकील है। असद के भाई साहिल अकील एडवोकेट है और छोटी बहन हया अकील भी पढ़ाई कर रही हैं। उनकी दादी नसीमा भी परिवार में हैं।

असद अकील ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी स्कूल, नगीना से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के हिंदू कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। स्नातक के बाद असद ने लखनऊ में नौकरी करते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी की।

असद बचपन से ही पढ़ाई में रुचि रखते थे और प्रतिदिन 18-20 घंटे अध्ययन करते थे। उनके माता-पिता ने उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरा सहयोग दिया। असद की सफलता पर उनके परिवार और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। उनके घर में चाची शबनम, फूफी नसरीन जहां, शाहजहां, नूरजहां, रोशन जहां, गुलशन, सायमा को परिवार का नाम रोशन करने पर असद अकील पर फख्र है।

इस मौके पर एड. आरिफ खान, एड. फरीद खान, सलीम अहमद, अफजल अंसारी, मौ.जाहिद, इस्लामुद्दीन अहमद, खुर्शीद अहमद,





इकबाल अहमद, लईक अहमद आदि ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी।

# हृदयगति रूक जाने से नोएडा में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नोएडा में कार्यरत एक युवक की हृदयगति रुक जाने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी मौहम्मद फिरोज (30 वर्ष) पुत्र मरहूम डॉ. मौहम्मद इरशाद नोएडा की अरेबियन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में एसी टेक्नीशियन के पद पर तैनात था। गुरुवार की देर शाम अचानक तबीयत खराब होने के बाद साथियों ने उन्हें शारदा हॉस्पिटल नोएडा में एडमिट कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फिरोज हंसमुख और सादा मिजाज व मिलनसार व्यक्ति था। शुक्रवार को प्रात: मृतक मौहम्मद फिरोज का शव गृह निवास पहुंचने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। बाद नमाज ए जुमा घर के निकट ही मदरसा में हुई नमाज ए जनाजा के बाद ग्राम के कब्रिस्तान में उन्हे सुपुर्दे खाक कर दिया गया।



## परिजनों में मचा कोहराम

उनकी नमाज ए जनाजा में क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में शिरकत की एवं उनके परिवार को सांत्वना दी। मरहूम के छोटे भाई डॉ. मौहम्मद शानू ने बताया कि मौहम्मद फिरोज के एक वर्ष का एक पुत्र है। दो वर्ष पूर्व उनके वालिद डॉक्टर मौहम्मद इरशाद का भी हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया था। हार्ट अटैक से हो रही नौजवानों की मौत चिंता का विषय है।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## वाहन छोड़कर चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** डीसीएम व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीएम चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एक घंटे तक शव सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन 108 एंबुलेंस नहीं पहुंची। पुलिस को प्राइवेट एंबुलेंस बुलानी पड़ी।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम चाहड़वाला (रामगंगा पार) थाना बढ़ापुर, निवासी हरजीत सिंह उर्फ बन्टी (28 वर्ष) पुत्र कश्मीरा सिंह बाइक द्वारा अपनी बहन को लेने के लिए अफजलगढ़ आ रहा था। बिरला फार्म मार्ग पर ग्राम मौहम्मद अलीपुर चौहड़ पहुंचा, तो अफजलगढ़ से हरेवली की ओर जा रही डीसीएम से भयंकर टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक बन्टी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक का अगला हिस्सा



क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर राहगीरों तथा ग्रामीण की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना इतनी हृदय विदारक थी कि घटना स्थल पर मौजूद हर आंख नम थी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक राजीव कुमार द्वारा बार-बार 108 एंबुलेंस को सूचना के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। जिसकी वजह से मृतक युवक का शव एक घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा। तब पुलिस व परिजन प्राइवेट एंबुलेंस बुलाकर शव को सीएचसी ले गए। मृतक युवक की मां तथा बहन ने रोते-बिलखते बताया कि आगामी 25 मार्च को बन्टी के बड़े भाई हीरा सिंह की शादी है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों द्वारा डीसीएम चालक के विरुद्ध तहरीर देने की बात कही गई। थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# डीआईओएस को विद्यालयों की जांच कर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से आईसीएसई व सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की मांग की है।

अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को भेजे एक शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि जनपद बिजनौर में संचालित आईसीएसई व सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध कई निजी विद्यालयों के संबंध में अभिभावकों द्वारा लगातार गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। प्राप्त शिकायतों के अनुसार कुछ विद्यालयों में कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित मानकों से अधिक है तथा शिक्षकों की संख्या और उनकी शैक्षिक योग्यता से संबंधित अभिलेखों में भी गंभीर अनियमिताएं सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर कागजों में योग्य एवं पूर्णकालिक शिक्षक दर्शाए जाते हैं, जबकि वास्तविकता में स्थिति भिन्न बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त यह भी शिकायत प्राप्त हुई है कि कुछ विद्यालयों में शिक्षकों का वेतन बैंक खाते के माध्यम से भुगतान करने के



नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा वेतन भुगतान के दस्तावेजों में भी पारदर्शिता नहीं है। साथ ही यह भी आरोप सामने आए हैं कि कुछ विद्यालयों द्वारा एक ही छात्र से नर्सरी, कक्षा एक तथा कक्षा छह में पुन: एडमिशन फीस वसूली जा रही है, जो अभिभावकों के आर्थिक हितों के विपरीत एवं नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

उपरोक्त समस्त बिंदुओं की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि किसी विद्यालय में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभिभावकों से वसूली गई अतिरिक्त फीस वापस कराई जाए।

# जुमे की नमाज अमन शांति से अदा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** रमजान माह के पाक महीने में तीसरे जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में मुसलमानों ने अमन शांति से अदा की। सुबह जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त दिखाई दिया। हर तरफ चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। जमा मस्जिद में जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में अपने वक्त पर अदा की गई। जमा मस्जिद के इमाम मुफ्ती अरसद ने कहा कि रमजान के पाक महीना बरकतों का महीना है। इस महीने में अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्मो के लोग त्यौहारों पर भाईचारा कायम रखें। एक-दूसरे के त्यौहारों का मान सम्मान करना चाहिए। कुछ लोग हिंदू मुस्लिमों के बीच नफरत पैदा करना






चाहते हैं। मगर देश के शांतिप्रिय लोग उनके मंसूबों को कभी भी कामयाब नहीं होने देगें। हमारे देश के भाईचारे की मिसाल पुरे देश में दी जाती है। सभी धर्मो के लोग आपसी भाईचारे के साथ अपने-अपने त्यौहारों को मनायें। उन्होंने कहा कि मुसलमान को रमजान के महीने में जकात फितरा देकर गरीबों की मदद करनी चाहिए। ताकि गरीबों के घर पर भी ईद की खुशी मना सकें। रमजान के महीने में मदरसों की भी खुब मदद करें। आप की मदद से मदरसे चलते हैं। इन मदरसों से आपके बच्चे हाफिज कुरान बनकर निकलते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा मदरसों की मदद करें। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। मुल्क की सलामती, भाईचारे व ईरान के मुसलमानों के लिए दुआ की गई।

## होली के रंगों में घुला जनहित का जज्बा



**झालू।** नगर में आयोजित पत्रकारों का होली मिलन समारोह इस बार रंग-गुलाल के साथ जनहित के मुद्दों की गूंज से भी सराबोर रहा। कार्यक्रम में पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और साथ ही क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। होली मिलन समारोह का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक शाखा के प्रथम तल पर स्थित विश्व हिंदू परिषद के नेता चौधरी ज्ञानेश्वर सिंह के गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे व सौहार्द के माहौल में होली पर्व मनाया। इस दौरान सभी ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पत्रकारों ने झालू रेलवे हॉल्ट की बदहाल स्थिति को प्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। वक्ताओं ने कहा कि रेलवे स्टेशन को हॉल्ट में बदल दिए जाने के बाद यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण स्थानीय लोगों में लगातार नाराजगी बनी हुई है। पत्रकारों ने निर्णय लिया कि झालू रेलवे हॉल्ट पर जनसुविधाएं बहाल कराने के लिए संगठित रूप से आवाज उठाई जाएगी। इसके लिए एक रूपरेखा तैयार की गई और जरूरत पड़ने पर आंदोलन करने का भी संकल्प लिया गया। पत्रकारों ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के अधिकारों और सुविधाओं के लिए वह अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़, रिजवान सिद्दीकी, शेख आदिल, लव अग्रवाल, गौरव शर्मा, रोहित जोशी, विकास अग्रवाल, राजू अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, कर्मेंद्र चौधरी, विनीत चौधरी, नरेश चौधरी, तौसीन सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# ईरान और सऊदी अरब जाने वालों की सूची बनाई जा रही

**बिजनौर।** इजराइल-अमेरिका और ईरान में चल रही जंग के बीच जिले का प्रशासन भी हरकत में आ चुका है। जिले के जो लोग ईरान या सऊदी अरब के अलावा जंग से प्रभावित खाड़ी देशों में रह रहे हैं, इनके आंकड़े जुटाकर सूची तैयार की जा रही है ताकि हालात बिगड़ने पर संभावित मदद या अन्य इंतजाम किए जा सकें। कलेक्ट्रेट में बाकायदा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। बता दें कि जिले के तमाम युवक युवतियां ईरान में रहकर दीनी तालीम हासिल कर रहे हैं। इसके अलावा नौकरी करने के लिए भी तमाम लोग गए हुए हैं। ईरान के साथ-साथ सऊदी अरब समेत अन्य खाड़ी देशों में भी जिले के लोग रहते हैं। बिजनौर प्रशासन के पास अभी तक इसका कोई आंकड़ा नहीं है कि कितने लोग इन देशों में रहते हैं। अब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला बोल रखा है। बदले में ईरान भी दुबई समेत अन्य उन देशों में मिसाइल अटैक कर रहा है, जहां अमेरिका का बेस है। इसके चलते इन देशों में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इन देशों में रहने वाले जिले के लोगों की प्राथमिक जानकारी एकत्र की जा रही है। एलआईयू और राजस्व विभाग के कर्मी प्रपत्रों पर परिवार की जानकारी कर रहे हैं। इस्लामनगर पंचायत के प्रधान चौधरी गीतेंद्र सिंह के अनुसार बुधवार की शाम प्रपत्र मिले हैं, जिनके आधार पर जानकारी की जा रही हैं। मुरलीवाला, जामनवाला, भिक्कावाला, बनियोवाला व कालागढ़ ने नागरिकों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। लगभग 40-50 लोग विदेशों में कार्य कर रहे हैं। इनके फोन नंबर आदि विवरण अधिकारियों को भेजे जा रहे हैं। लेखपाल गौरव कुमार के अनुसार पुराना कालागढ़, भिक्कावाला, जामनवाला की जानकारी मिल गई है।

## केरल में होगा निष्पक्ष विधानसभा चुनाव : ईसी

**नई दिल्ली/कोच्चि।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कोच्चि में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर केरल विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने का भरोसा दिया। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकांश राजनीतिक दलों ने केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह पारदर्शी तरीके से किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूपीएससी...** चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की। अग्निहोत्री ने एम्स, जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। आयोग के अनुसार दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. रहीं जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से बी-कॉम स्नातक हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना। पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली से बीए एलएलबी (ऑनर्स) किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष पांच सफल उम्मीदवारों में एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनएलयू, एम्स, डीटीयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, कानून, चिकित्सा विज्ञान और जनसंचार जैसे विषयों में स्नातक स्तर की रही है। इन उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य एवं लेखांकन, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, विद्युत अभियांत्रिकी, इतिहास, गणित, चिकित्सा विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और समाजशास्त्र जैसे विषयों को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना।

# आत्मनिर्भरता ही हर स्थिति से निपटने का मूलमंत्र: राजनाथ

**नई दिल्ली, वार्ता**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में आत्मनिर्भरता ही प्रासंगिक और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का एकमात्र मार्ग है। सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में रक्षा एवं समुद्री संवाद 'सागर संकल्प- भारत का समुद्री गौरव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है, इसीलिए हमारी सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से बचने का एक मात्र उपाय है 'आत्मनिर्भरता' और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हमारी आत्मनिर्भरता के विजन की एक प्रमुख धुरी है।

इस कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी



से बदल रही हैं। हमें इन अनिश्चितताओं को समझने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है। वहां जो कुछ हो रहा है, वह असामान्य है। पश्चिम एशिया या हमारे पड़ोस में भविष्य की घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना कठिन है। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य या समूचा फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती दिखाई दे रही है। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति में है और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि यह असामान्यता अब नई सामान्य स्थिति बनती जा रही है। सिंह ने रक्षा उत्पादन को गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक और नीतिगत सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, प्रदर्शन मानक और अनुसंधान एवं विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम सरकार की आत्मनिर्भरता की दृष्टि के प्रमुख स्तंभ हैं। जहाज निर्माण क्षेत्र में जीआरएसई और अन्य शिपयार्डों को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और भविष्य उन्मुख बनाया जा सके।

## लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने आधुनिक दौर के युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक तैयारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। एडमिरल त्रिपाठी ने शुक्रवार को यहां रायसीना डॉयलाग के दौरान 'फॉर्जर्स ऑफ पीस: ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज़ फॉर द लिबरल ऑर्डर' विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखांकित किया है। हाल के सैन्य संघर्षों से मिले सबक के बारे में पूछे गए सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मैं भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

17वां रोजा वक्त इफ्तार 07 मार्च शाम 6:23
18वां रोजा वक्त सहरी 08 मार्च सुबह 5:11

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


# प्रदेश के विकास व खुशहाली के लिए जनता चाह रही सत्ता में परिवर्तन : कपिल कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के सपा के पूर्व प्रत्याशी एवं जिला पंचायत सदस्य कपिल कुमार ने कहा कि प्रदेश के विकास एवं चौतरफा खुशहाली के लिए आम जनता सत्ता में बदलाव चाह रही है। उन्होंने कहा कि नफरत को हराने के लिए भाईचारा मजबूत करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के प्रत्याशी रहे कपिल कुमार ने रिकार्ड वोट हासिल किए थे। इस विधानसभा क्षेत्र से सपा को रिकार्ड वोट मिले थे। कपिल कुमार का मुकाबला सत्ता की हनक से था। उन्होंने चुनौतीपूर्ण ढंग से चुनाव लड़ा था। भले ही वह चुनाव हार गए थे, लेकिन हिम्मत नहीं हारे थे। उन्होंने लगातार जनता के बीच रह कर उनका दर्द सुनने का काम किया है। उन्होंने आम जनता को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद खुशहाली व विकास का दौर आएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब प्रदेश में सपा की सरकार थी, उस वक्त भी सभी नगर क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिकार्ड विकास कार्य हुए थे। सड़कों का जाल बिछाया गया था। नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराया गया था और जो बेरोजगार थे, उन्हें भत्ता दिया गया था। बड़े पैमाने पर विभिन्न विभागों में भर्ती करने का काम अखिलेश सरकार ने किया था। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए लैपटॉप बांटे गए थे। गरीबों व विकलांगों सहित किसानों का कल्याण करने के लिए विभिन्न योजनाएं अखिलेश सरकार के द्वारा चलाई गई थी। लेकिन नफरत की राजनीति करने वालों ने प्रदेश का माहौल खराब करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भाई को भाई से लड़वाने का काम किया। कदम-कदम पर साजिशें रची गई। उन्होंने कहा कि कुछ मतदाता इन साजिशों के जाल में फंस गए थे। लेकिन अब वह समझ गए है कि नफरत की राजनीति करने वालों ने प्रदेश व उनका कितना नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि न तो युवाओं को रोजगार मिल रहा है और न ही बहन-बेटियों की इज्जत सुरक्षित है। न तो विकास कार्य हो पा रहे है और न ही कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार पर अंकुश लग पा रहा है। सबसे बुरा हाल पीडीए अर्थात पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक समाज का है। उन्होंने कहा कि पीडीए का जितना उत्पीड़न भाजपा सरकार में हो रहा है, उतना आजादी के बाद से आज तक नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि पिछड़ा व दलित समाज को इस सच्चाई को गहराई से समझना होगा। उन्होंने कहा कि पिछड़ा व दलित समाज सरकारी संरक्षण में अत्याचारों का शिकार हो रहा है। अल्पसंख्यक समाज से तो खुली दुश्मनी निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हालात तेजी के साथ बदल रहे हैं। आम जनता सत्ता में परिवर्तन चाह रही है। उसे सिर्फ चुनाव का इंतजार है। लेकिन आम जनता को जहरीली साजिशों से सावधान रहने की जरूरत है।



## प्रदेश में पीडीए का हो रहा सबसे ज्यादा उत्पीड़न

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, वैसे-वैसे साजिशों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता को भाईचारा बनाए रखते हुए साजिशों को नाकाम करना होगा।

# मंडावर मार्ग पर आज सुबह यातायात रहेगा बंद

**बिजनौर।** पुलिस विभाग के द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि कल (आज) पुलिस लाइन में प्रशिक्षणार्थी रिक्रूट आरक्षियों की बीपीईटी दौड़ आयोजित की जा रही है। जिसके मद्देनजर रूट डायवर्जन किया गया है। शहर बिजनौर के मंडावर चौराहे से मंडावर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन वाया सैंट मैरी चौराहा से किरतपुर होकर कस्बा मंडावर की तरफ जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे।

दूसरी तरफ बिजनौर के मंडावर चौराहा से कस्बा मंडावर तक समस्त प्रकार के हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन सुबह पांच बजे से नौ बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा।

# काजीवाला का दानिश गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में ग्राम काजीवाला निवासी नफीस पुत्र शफीक ने आज तहरीर दी थी कि ग्राम के ही निवासी दानिश पुत्र अय्यूब एवं इस्लाम उर्फ काला व भूरा पुत्रगण कय्यूम ने रुपयों के लेनदेन को लेकर वादी के पुत्र के साथ मारपीट की। उनके द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार हथियार से वार किया गया। शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 178/2026 धारा 109(1), 118 (1) व 351 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में दानिश को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। दानिश के खिलाफ सन् 2019 में धारा 498 ए, 323, 504 व 506 का भी अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# चेयरमैन रवि की बदौलत होली पर व्यवस्था रही दुरुस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर में नगर पालिका के चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह की बदौलत हर त्यौहारों की तरह होली पर भी सफाई एवं जल आपूर्ति व्यवस्था बेहद दुरुस्त रही। अहम बात यह है कि होली के दिन चारों तरफ फैली भारी गंदगी को अगले दिन नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने उठा कर नगर को चकाचक कर दिया। साथ ही होली के दिन आवश्यकता को देखते हुए दिन भर जल आपूर्ति होती रही। जिससे हर कोई चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व की तारीफ कर रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर में जब से चौधरी रवि कुमार सिंह चेयरमैन बने है, तभी से नगर व्यवस्था में बड़ा सुधार आया है। नगर पालिका के प्रत्येक कर्मचारी के द्वारा पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कामों को अंजाम दिया जा रहा है। वैसे तो आम दिनों में भी नगर पालिका की सफाई एवं जल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रहती हैं और विरोधियों को भी उंगली उठाने का मौका नहीं मिलता है। लेकिन त्यौहारों व राष्ट्रीय पर्वों के मौके पर चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व की वजह से नगर पालिकाकर्मी पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करते हैं। धामपुर नगर स्वच्छता के मामले में हमेशा से अव्वल रहा है। चाहे दीपावली या कांवड़ यात्रा का मौका रहा हो, या फिर ईद उल अजहा व ईद उल फितर का मौका हो, सभी त्यौहारों पर संबंधित समाज की भावनाओं व उनकी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाता है। धामपुर की होली प्रसिद्ध है। होली के मौके पर यहां कई दिनों तक रंग के जुलूस निकाले जाते हैं। जिसमें धर्म प्रेमी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। जुलूस के दौरान नगर में गुब्बारों व पॉलिथीन आदि की गंदगी चारों तरफ फैल गई थी। होली के दिन सफाई कर्मचारी अवकाश पर थे। लेकिन अगले दिन जब नागरिक घरों से बाहर निकले, तो उन्हें नगर में कही भी कूड़ा-कचरा व गंदगी नहीं दिखाई दी। पालिका कर्मचारियों ने पूरी तरह से सफाई कर दी थी। आम नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के सीमित संसाधनों का चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में सही इस्तेमाल किया जा रहा है।



## दिन भर होती रही जल आपूर्ति

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद

अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19 बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


# डॉक्टर के हत्यारोपी तीवड़ी के विकास छोटू की तलाश

## गाजियाबाद निवासी बहन ने दर्ज कराई रिपोर्ट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** डॉ. राजकुमार की उनके नर्सिंग होम में गोली मार कर हत्या करने के आरोपी धामपुर के ग्राम तीवड़ी निवासी विकास उर्फ छोटू की पुलिस को तलाश है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला कस्बा में धामपुर रोड पर शिवालय हेल्थ केयर सेंटर चलाने वाले डॉ. राजकुमार की बीती देर शाम उनके केबिन में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा जांच के दौरान हत्यारोपित की बाइक और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई थी। वैसे तो यह बाइक धामपुर मार्ग पर स्थित ग्राम मंझेड़ा शकरू निवासी इमरान सिद्दीकी पुत्र स्व. मौहम्मद युनूस की थी। वह मच्छरदानी बेचने का काम करता है। उसने यह बाइक अपने ग्राम के समीप में ही स्थित थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम तीवड़ी निवासी विकास के भाई को बेची थी। पुलिस ने कल ही इमरान को उठा लिया था। उससे पूछताछ के बाद ही विकास के बारे में पता चला। समाचार लिखे जाने तक 24 घंटे बाद भी पुलिस ने इमरान को नहीं छोड़ा है।

दूसरी तरफ मूलरूप से गाजियाबाद के निवासी मृतक डॉ. राजकुमार की बहन की तहरीर पर हत्यारोपित विकास उर्फ छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हत्यारोपित के बड़े भाई लोकेंद्र और आरोपित की पत्नी के साथ-साथ चिकित्सालय के पड़ौस के चिकित्सक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गाजियाबाद के नंदीग्राम थाना क्षेत्र के डी-ब्लाक मकान नंबर 180 के मूल निवासी 38 वर्षीय अस्पताल संचालक डॉ. राजकुमार पुत्र स्व. धर्मपाल सिंह का नगीना में धामपुर रोड पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास शिवालय हेल्थ केयर के नाम से अस्पताल है। गुरुवार शाम करीब सात बजे वह अपने केबिन में सहायक डॉ. मूसा के साथ बैठकर मरीज देख रहे थे। इसी बीच एक युवक ने दो साल के बच्चे की जांच रिपोर्ट दिखाने के बहाने वहां पहुंच कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारोपित अपनी बाइक अस्तपाल के बाहर छोड़ पैदल ही फरार हो गया था। पुलिस ने बाइक व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली थी। जांच व पूछताछ में गोली मारने वाले आरोपी की पहचान धामपुर थाना क्षेत्र के गांव तीवड़ी निवासी विकास उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपी अपने बड़े भाई लोकेंद्र की बाइक लेकर आया था।

सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की बहन निशा की तहरीर पर हत्यारोपित विकास उर्फ छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमें हत्यारोपित की तलाश कर रही हैं। पुलिस द्वारा हत्यारोपित के भाई और पत्नी से पूछताछ की गई है। आरोपी की पत्नी ने बताया कि वह कभी भी अपने बच्चे को इलाज के लिए मृतक चिकित्सक के पास नहीं गए थे। आरोपी विकास खेतीबाड़ी करता है और नशे का भी आदी है। पुलिस को हत्या सुपारी देकर कराए जाने का शक है।

सूत्रों का कहना है कि किसी अन्य ने सुपारी देकर उसकी हत्या कराई है। नगीना के कई चर्चित दलालों की भूमिका की भी जांच पुलिस कर सकती है।

# मुर्गों के अवशेष नदी में डालें, राहगीरों में आक्रोश

## किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** थाना क्षेत्र के मोटा महादेव भागूवाला बाईपास मार्ग पर सुखा नदी के पुल से नदी में मुर्गों के अवशेष से भरी पेटी डाल दी। पेटी से मुर्गों के अवशेष आवारा कुत्ते खींच कर सड़क पर लाकर डाल रहे हैं और राहगीरों के पीछे भी आवारा कुत्ते काटने को भाग रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीण व राहगीरों में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने एसडीएम से फोन पर शिकायत की। शिकायत करने के बाद मंडावली पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने अवशेष दबाने का प्रयास किया। लेकिन अवशेष कुत्तों ने खींच कर इधर-उधर सड़क पर फेंक दिए है। भूपेंद्र सिंह देशवाल ने बताया कि पहले भी कई बार अवशेष नदी में डाले गए हैं। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मुर्गों के अवशेष हटवा दिए गए थे।

# मजदूर की मौत पर बवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला गरमा गया है। शुक्रवार को मृतक के गांव नरगदी गंधु के ग्रामीणों ने नहटौर थाने पर पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

घटना 27 फरवरी की शाम करीब 7 बजे नहटौर क्षेत्र के गांव बच्चेवाला के पास हुई थी। पुलिस को एक युवक की मौत की सूचना मिली थी, जिसकी पहचान नरगदी गंधु निवासी मजदूर सुनील कुमार के रूप में हुई। बताया गया कि सुनील उस समय अपने दो साथियों के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। पुलिस ने शुरुआती जांच में इसे सड़क दुर्घटना माना था और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि, सुनील की पत्नी पुर्ला. कत देवी ने पुलिस को दी गई शिकायत में पति की मौत पर संदेह जताया है। उन्होंने इसे महज एक हादसा मानने से इंकार करते हुए गहन जांच की अपील की। पत्नी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुनील के साथ मौजूद दोनों साथियों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण नहटौर थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से इस मामले की हर पहलू से जांच करे ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मजदूर की मौत के मामले में परि. जनों द्वारा दी गई तहरीर और ग्रामीणों की मांग को देखते हुए पुलिस पूरी गंभीरता से जांच कर रही है।

# युवक ने फांसी लगा कर जान दी



## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली की बेगावाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव घासीवाला में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परि. जनों ने हत्या का आरोप लगाया है। युवक के परिजनों में कोहराम मचा है।

बेगवाला चौकी क्षेत्र के ग्राम घासीवाला कॉलोनी की निवासी 26 वर्षीय सागर सरदार उर्फ भोलू पुत्र कृष्ण सरदार का शव शुक्रवार की दोपहर गांव के बाहर ग्राम पंचायत की चरागाह की भूमि पर एक पेड़ से लटका मिला। बताया जा रहा है कि सागर कार मैकेनिक का काम करता था।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि परिजनों ने समीर पुत्र गोपाल पर सागर को पेड़ पर लटकाकर मारने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अधिवकता संघर्ष समिति की बैठक



**बिजनौर।** अधिवक्ता संघर्ष समिति की बैठक जजी परिसर में विरेन्द्र पाल सिंह एड. की अध्यक्षता तथा पीताम्बर सिंह एड. के संचालन में हुई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने एक राय में अवैध रूप से नियुक्त चुनाव अधिकारी चरत सिंह एड. के द्वारा चुनाव कार्यक्रम की जारी सूची का विरोध किया है। 23 फरवरी को बार में हुए गतिरोध को समाप्त करने के लिए समन्वय बनी थी। जिसमें माडल बायलॉज के अनुसार चुनाव कराने के लिए एल्डर्स कमेटी, शुल्क 120 रुपए एक वर्ष, 110 रुपए नए सदस्यों का शुल्क तथा जो रसीदे कट चुकी है उनका समायोजन करने पर सहमति बनी थी। जिसके आधार पर एक दस्तावेज पर दोनों पक्षों की ओर से नियुक्त तीन-तीन व्यक्तियों के द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। किन्तु अवैध रूप से पद पर बने अध्यक्ष जिनको समंवय समिति में समाप्त कर दिया गया था। इस समंवय समिति में कथित अवैध चुनाव अधिकारी ने भी सहमत होने के बाद हस्ताक्षर किये थे। उन अवैध अध्यक्ष ने अवैध रूप से चरत सिंह को बिना किसी विधिक अधिकार के चुनाव अधिकारी बना दिया गया है और यह अवैध चुनाव अधिकारी अवैध रूप से अवैध कार्य कर रहे है। जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने विरोध किया और अवैध चुनाव अधिकारी के समस्त अवैध कार्यवाही का एक मत से बहिष्कार किया और एल्डर्स कमेटी से बायलॉज के अनुसार चुनाव कराए जाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि ऐसा न होने पर अधिवक्ता संघर्ष समिति भी रसीद काटकर निष्पक्ष चुनाव करायेगी। बैठक में सदस्य राजीव सिंह एड., आनन्द जंघाला एड., सचिन कुमार एड., अजयपाल सिंह एड., प्रीति चौहान एड., राजीव त्यागी एड., अनिल कुमार एड., नरदेव सिंह एड., गजेन्द्र चौहान एड., पवन कुमार एड., प्रभात कुमार एड., गजेन्द्र (टून्न) एड., जितेन्द्र कुमार एड., देवेन्द्र कुमार एड. आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार



**राजा का ताजपुर।** होली का त्यौहार क्षेत्र में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस बार का रंग जुलूस विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। ग्रामीणों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। लेकिन इस बार जुलूस में बाबा का बुलडोजर चर्चा का विषय बना हुआ था। रंग के जुलूस में भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। मौहल्ला पुराना कुआं पर मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वह रंग और गुलाल उड़ाते नजर आए। होली के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना की। वहीं ग्राम के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर एकजुटता के साथ होली के पारंपरिक गीत गाए और ढोल-नगाड़ों की धुन पर थिरके। महिलाओं और बच्चों ने भी रंगों की बौछार में उत्साह के साथ भाग लिया। जुलूस के दौरान लोग एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई देते नजर आए। होली के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया और सभी से संविधान के दायरे में रहकर त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह व सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव हर गति. विधियों पर नजर बनाए हुए थी। रमजान के पवित्र महीने में वरिष्ठ पत्रकार मुजाहिद फारूकी के नेतृत्व में होली के रंग के जुलूस का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेश कुमार सैनी, कमलजीत सिंह नूर, सतेन्द्र सिंह गुजराल, जितेंद्र चौहान, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, डॉ. आफताब आलम, धर्म अवतार वर्मा, सुमित शर्मा, मदन सिंह सैनी, डॉ. अरुण अग्रवाल, अनिल चंद्रा, पंडित राकेश शर्मा, डॉ. विशाल दिवाकर, मुनीश दिवाकर, सचिन कौशिक आदि मौजूद थे।

### एम्बुलेंस डिवाइडर से टकराई

**बिजनौर।** नूरपुर की ओर से आ रही एंबुलेंस बाइक को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई। चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। बिजनौर नूरपुर रोड कृष्णा कॉलेज के समीप इंडियन ऑयन पेट्रोल पंप के सामने यह घटना हुई।

# हरे पेड़ों पर चला तस्करों का आरा

## आम के छह पेड़ काटकर फरार हुए लकड़ी तस्कर






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** थाना हल्दौर क्षेत्र के गंगोड़ा रोड स्थित एक खेत में खड़े आम के छह हरे पेड़ों को अज्ञात लकड़ी तस्करों द्वारा काटने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी अपनी मोटरसाइकिलें मौके पर छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम झालू निवासी नईम अहमद पुत्र अमीदुद्दीन का गंगोड़ा रोड पर खेत है। पीड़ित के अनुसार 4 मार्च 2026 की शाम करीब छह बजे जब वह खेत पर पहुंचे तो कुछ लोग मशीन से खेत में खड़े आम के पेड़ों को काट रहे थे। आवाज देने पर आरोपी मौके से भाग निकले।

घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को तीन मोटरसाइकिलें लावा. रिस हालत में खड़ी मिलीं। बरामद मोटर साइकिलों के नंबर UP20MS5150, UP20BS9429 और UP20BF0049 बताए गए हैं, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित का आरोप है कि उसने घटना की शिकायत पहले झालू चौकी और बाद में हल्दौर थाने में भी दी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही आरोपियों द्वारा समझौते का दबाव बनाने और धमकी देने की बात भी सामने आई है।

मामले की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और वन विभाग सक्रिय हुआ। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और बताया कि खेत में खड़े कुल छह आम के पेड़ काटे गए हैं।

वन विभाग के क्षेत्राधिकारी महेश चंद गौतम ने बताया कि मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मुकदमे में आवेश उर्फ मोनू पुत्र हसीनुद्दीन (झालू), राजीव पुत्र ओमपाल (चौकपुरी), पर्वेंद्र पुत्र नामालूम (रसूलपुर आबाद) और सरफराज पुत्र शूरवीर (चांदनगली) के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। बरामद मोटरसाइकिलें फिलहाल पुलिस चौकी झालू के कब्जे में हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )

पत्रांक:- 1107/(2)/ न.पा.परि.चांदपुर/नि.सू./ 2026 दिनांक :- 03 मार्च, 2026

### निविदा सूचना ( द्वारा ई-टेण्डर )

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा 15वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान प्रथम किशत, निर्दिष्ट अनुदान अर्जित ब्याज, बुनियादी अनुदान अर्जित ब्याज एवं राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 32 निर्माण के कार्यों को कराने हेतु दिनांक 09.03.2026 से समय प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 24.03.2026 समय 11.00 बजे तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 09.03.2026 प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 24.03.2026 तक प्रात: 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 24.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। निविदाओं को दिनांक 24.03.2026 को समय 12:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence Number | |
| Publish date and time for RFP | 09-03-2026 को प्रात: 10:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | 24-03-2026 को प्रात: 11:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 24-03-2026 को प्रात: 12:00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per Tender List. |

नोट:- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./ डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

**( कु. सलमा नूर हमीदी )** लेखाकार अके.
**( अजय कुमार )** अवर अभियंता (जल)
**( आजाद सिंह )** अवर अभियंता (सिविल)
**( कुनाल रस्तौगी ( I.A.S. ) )** अधिशासी अधिकारी/ ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट
**( जीनत परवीन )** अध्यक्ष


# युवक से कई तोले सोना व लाखों रूपए की ठगी

## आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सुहागपुर में वर्ष 2023 से लगातार एक युवक के साथ हो रही लाखों रुपये की ठगी का मामला अब सामने आया है। पीड़ित किशोर के परिजनों ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर ठगी गई रकम और सामान वापस दिलाने की मांग की है। इस मामले को लेकर शुक्रवार देर शाम तक कोतवाली धामपुर में सुहागपुर के दर्जनों ग्रामीण डटे रहे।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुहागपुर निवासी एक पेट्रोल पंप संचालक के पुत्र के साथ वर्ष 2023 से धामपुर के कुछ युवकों द्वारा ठगी किए जाने का आरोप है। बताया जाता है कि आरोपियों ने युवक से कई तोले सोना और लाखों रुपये की नकदी ठग ली। आरोप है कि इस दौरान ठगों ने सोशल मीडिया पर एक युवती का अश्लील फोटो दिखाकर युवक को डराया-धमकाया और ब्लैकमेल किया। इसी डर के चलते युवक से लगातार पैसे और सोना लिया गया।

फिलहाल यह मामला गांव से लेकर कोतवाली धामपुर तक चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं धामपुर पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रेन हेमरेज से निधन



**अफजलगढ़।** नगर निवासी समा. जसेवी का ब्रेन हेमरेज के चलते निधन हो गया। उनके निधन से परिवार सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मौहल्ला बेगुसराय निवासी नरेश कान्त की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन हालत में सुधार न होने पर उन्हें काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। नरेश कान्त रामलीला कमेटी अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह के भाई थे। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजन, रिश्तेदार और क्षेत्र के अनेक लोग शोक व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे। गुरुवार की शाम भूतपुरी स्थित रामगंगा नदी के तट पर उनके पुत्र छोटू ने मुखाग्नि दी। नरेश कान्त अपने हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के लिए क्षेत्र में जाने जाते थे। उनके निधन से नगरवासियों में गहरा दुख है। दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना देते रहे।


## आवश्यकता है प्राचार्य की

गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय मुरादाबाद से सम्बद्ध अक्ष इंटरनेशनल कॉलेज, राजा का ताजपुर (बिजनौर)को यूजीसी/विश्व विद्यालय मापदंडों के अनुसार एक योग्य, अनुभवी प्राचार्य की आवश्यकता हैं। जिसके लिये सात दिन में पत्राचार /ईमेल के माध्यम या सीधे सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**

Email-aistajpur@gmail.Com
मो नं.:- 9411225805
स्योहारा-नूरपुर रोड, राजा का ताजपुर, जिला बिजनौर

# खामेनेई की मौत पर शेरबाज ने जताया शोक

## शिया समुदाय ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शिया समुदाय ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु के बाद पूरे विश्व में शोक व चिंता जतायी जा रही है। ऐसे में भारत सरकार भी अपने स्तर से विश्व में शांति एवं सद्भाव हेतु आगे आये और कदम उठाये।

आज बाद नमाज ए जौहर महल सादात पहुंचे शेरबाज पठान ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उधर शिया सुन्नी समुदाय निवासी महल सादात मौहल्ला काजीजादगान निवासियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन में भारत सरकार से ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की हाल ही में हुई मृत्यु पर कहा कि विश्व भर में शोक का माहौल है।





इस घटना से लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता व्यक्त की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर भारत सरकार इस विषय पर उचित संवेदना व्यक्त करने तथा विश्व में शांति और सद्भाव बनाये रखने के लिये आवश्यक कदम उठाये।

इस मौके पर महल सादात में आजाद समाज पार्टी नेता शेरबाज पठान ने पहुंचकर अपनी ओर से संवेदना व्यक्त की। इससे पहले आसपा जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर अपनी पूरी टीम के साथ महल सादात पहुंचे थे तथा अपनी ओर से ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। महल सादात में इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिया समुदाय के बुजुर्ग महिला पुरूष, युवा शामिल रहे। वहीं सुन्नी समुदाय से भी बड़ी तादाद में युवाओ ने अपनी शिरकत की।

# बिजनौर क्षेत्र में एम्स स्तर के अस्पताल की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर क्षेत्र सहित आसपास के जिलों में गंभीर बीमा. रियों के उपचार के लिए उच्च स्तरीय सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा है। कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, मस्तिष्क संबंधी बीमारियां दुर्घटनाएं तथा अन्य जटिल रोगों से जूझ रहे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मजबूरन दिल्ली, मेरठ, लखनऊ और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। समय पर समुचित उपचार न मिल पाने के कारण कई मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है और कुछ लोग अपनी जिंदगी की जंग भी हार जाते हैं। देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में से एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में उपचार की सुविधा उपलब्ध है लेकिन वहां तक पहुंच पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। लंबी दूरी तय करना, इलाज के लिए लंबा इंतजार और रहने-खाने की अतिरिक्त व्यवस्था मरीज और उनके परिजनों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। कई बार गंभीर मरीजों के लिए इतनी लंबी यात्रा करना भी जोखिम भरा साबित होता है। देश में दिल्ली के अलावा ऋषिकेश, भोपाल, पटना, रायपुर, जोधपुर सहित कई शहरों में भी एम्स संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं जिससे उन क्षेत्रों के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में मिल रही हैं। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों का मानना है कि यदि बिजनौर क्षेत्र में भी एम्स स्तर का अस्पताल स्थापित किया जाए तो लाखों लोगों को समय पर जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजनौर जनपद भौगोलिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यहां आसपास के कई जिलों के मरीज उपचार के लिए आते हैं।

## एक नजर

### बी.फार्मा. तृतीय सेमेस्टर में सूफियान प्रथम



**बिजनौर।** एकेटीयू द्वारा बी.फार्मा. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया कि कृष्णा फार्मेसी कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें सुफियान ने 8.44 एसजीपीए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्ष चौहान ने 8.26 एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय एवं पायल ने 8.19 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर कालेज संस्थापक राजीव कुमार कालेज प्रबंधक मनोज कुमार प्रबंध निदेशक पवन कुमार प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनो का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, मौ. खालिद, दीपक कुमार गुप्ता, नीरज चौहान, डा. ऐमन सिफत, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### मौ. हुसैन ने रखा पहला रोजा

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला सेवाराम निवासी अब्दुल कादिर के पांच वर्षीय पुत्र मौहम्मद हुसैन ने रमजान माह में इतनी कम आयु में जिंदगी का पहला रोजा रखा। जिंदगी का पहला रोजा रखने पर परिजनों ने मौ. हुसैन को दुआओं से नवाजा।

### डिवाइडर से टकराकर मौत

**नजीबाबाद।** भागूवाला में बाइक सवार एक युवक के डिवाइडर से टकराने से उपचार के दौरान मौत हो गई। बीती रात भोपाल सिंह बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहा था, जैसे ही वह भागूवाला में निर्माणाधीन टोल के पास पहुंचा, तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे भोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तथा गंभीर रूप से घायल को एम्बुलेंस से ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान घायल भोपाल सिंह (56 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी आजाद बस्ती नगीना की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रतिमा का अनावरण 23 को

**बिजनौर।** आगामी 23 मार्च को प्रात: दस बजे मेरठ के सकोती टांडा स्थित किसान हितकारी इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव डॉ. विकुल मलिक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी, नागौर सांसद, हनुमान बेनीवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री, चौधरी विरेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। डॉ. विकुल मलिक ने जनपद बिजनौर के जाट समुदाय के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### राशन डीलर गिरकर गंभीर घायल

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव इनामपुरा निवासी सतपाल सिंह (65 वर्ष) रात के समय अपने घर की छत पर सो रहे थे। देर रात लघुशंका के लिए नीचे उतरते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह आंगन में गिर पड़े। गिरते ही उनकी चीख सुनकर परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें संभाला। परिजन घायल अवस्था में सतपाल सिंह को तत्काल उपचार के लिए बिजनौर के एक निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि फिलहाल उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है और परिजन उनके उपचार में जुटे हुए हैं।

### मकान पर धमकी भरा नोट चस्पा

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव उमरी बड़ी में एक विधवा महिला के मकान पर कथित रूप से धमकी भरा नोट चस्पा किए जाने का मामला सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। पीड़ित महिला ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव उमरी बड़ी निवासी गुरुदत्त कौर पत्नी स्व. राजेंद्र सिंह अपने मकान का निर्माण कार्य करा रही हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उनसे मकान खाली करने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर उसने उनके मकान पर कथित रूप से जान से मारने की धमकी से संबंधित एक नोट चस्पा कर दिया। महिला का कहना है कि किसी व्यक्ति ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद यह मामला क्षेत्र में तेजी से फैल गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। पीड़ित महिला शुक्रवार को थाने पहुंची और पूरे प्रकरण की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सामूहिक रूप में सुरक्षा शपथ दिलाई



**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा संबंधी लोगों को जागरुक किया। शुभारंभ इकाई प्रमुख विजयवीर सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कारखाना के ईएचएस विभाग द्वारा सुरक्षा उपकरणों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। ईएचएस हेड सुधीर पंवार के द्वारा प्रदर्शनी में रखे हुए उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सामूहिक रूप में सुरक्षा शपथ दिलवाई गई और अपने आपको सुरक्षा, स्वास्थ एवं पर्यावरण के बचाव के प्रति पूर्ण समर्पित करेंगे और सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे। उक्त इकाई प्रमुख ने कहा कि दुर्घटना देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करती है तथा संपत्ति की भी क्षति करती है। हमारा उद्देश्य लोगों को उन्नत सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक संलग्न करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाने पर विशेष जोर देना है। उन्होंने कहा कि अगर कारखाना के अंदर कोई भी अधिकारी/कर्मचारी चोटिल होता हैं तो उसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को उठाना पड़ता है। साथ ही इससे कारखाना के कार्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। हम सुरक्षा के नियमों का शत-प्रतिशत पालन कर कारखाना परिसर को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कृतसंकल्प हों। परिसर में स्थित स्कूल के बच्चों को प्रदर्शनी में भ्रमण करवाया गया साथ ही उन्हें सभी उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अभियंत्रण विभाग के प्रमुख गोपाल त्यागी, संजय गोयल, अनुज शर्मा, विजय वीर सिंह, कपिल त्यागी, शिव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य स्व. डॉ. नृपेंद्र वर्मा को पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य समाजसेवी और शिक्षाविद स्व. डॉ. नृपेंद्र कुमार वर्मा की पुण्यतिथि पर आज स्योहारा सहित पूरे क्षेत्र के लोगों ने उन्हें गहरी श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया।

कम उम्र में ही स्योहारा को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले डॉ. नृपेंद्र वर्मा ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। लगभग 25 वर्ष की आयु में यहां आकर उन्होंने चिकित्सा सेवा की शुरुआत की और देखते ही देखते वह नगर के सबसे विश्वसनीय और लो. कप्रिय चिकित्सकों में गिने जाने लगे। उनकी सादगी और सेवा भावना का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह साइकिल से घर-घर जाकर मरीजों का उपचार करते थे। गरीब हो या अमीर हर व्यक्ति के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहते थे, उनके लिए चिकित्सा केवल पेशा नहीं बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम थी। चिकित्सा और



सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए वर्ष 1988 में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने अपनी पत्नी स्व. धर्मवती की स्मृति में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की परंपरा शुरू की और अपने पिता चौधरी रघुवंश सिंह की स्मृति में वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. नृपेंद्र वर्मा आरएसपी इंटर कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष भी रहे और उन्होंने संस्था के विकास तथा शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब में भी कई बार अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाया।

जीवन के अंतिम समय में जब उनका स्वास्थ्य काफी कमजोर हो गया था, तब भी उन्होंने सेवा का मार्ग नहीं छोड़ा। वह बिस्तर पर रहते हुए भी मरीजों को देखते थे और लोगों की मदद करने को हमेशा तत्पर रहते थे। यही कारण है कि आज भी स्योहारा और आसपास के क्षेत्रों में उनका नाम अत्यंत सम्मान और आदर के साथ लिया जाता है। 6 मार्च 2019 को यह महान व्यक्तित्व इस दुनिया को अलविदा कह गया, लेकिन उनकी सेवा, सादगी और मानवता की भावना आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके होनहार पुत्र एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा भी चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं।

# रमजान मुकद्दस के तीसरे जुमे पर दुनियां को जंग व नफरत से बचाने की दुआएं

## मस्जिदों में रही खासी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र रमजान माह के मुकद्दस महीने में तीसरा जुमा बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया गया। नगर की सभी मस्जिदों में नमाज-ए-जुमा के दौरान रोजेदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।

नमाज के बाद इमाम साहब ने मुल्क में अमन-ओ-अमान, खुशहाली और तरक्की के लिए खास दुआ कराई, जिसमें रोजेदारों ने हाथ उठाकर अपने रब से रहमत और बरकत की दुआएं मांगी। रमजान के इस बरकत वाले महीने में इबादत का सिलसिला लगातार जारी है। मस्जिदों में रात के समय तरावीह की नमाज भी पूरे एहतमाम के साथ अदा की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शिरकत कर रहे हैं। हाफिज-ए-कुरान द्वारा कुरान पाक की तिलावत सुनकर रोजेदारों के



दिलों को सुकून मिल रहा है और लोग पूरे एहतराम के साथ तरावीह की नमाज में शामिल हो रहे हैं।

नगर में मासूम बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक रोजा रखकर अल्लाह पाक की इबादत में मशगूल हैं। रोज. दार दिनभर सब्र और इबादत के साथ रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तार के समय अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं। नमाजों के बाद लोग अपने और अपने मुल्क की खुशहाली, तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआएं मांग रहे हैं। इसके साथ ही रोजेदारों ने पूरी दुनिया में बने जंग जैसे हालात को देखते हुए भी अल्लाह से खास दुआ की कि जहां-जहां जंग और अशांति का माहौल है, वहां अमन कायम हो और पूरी दुनिया में शांति और भाईचारा बना रहे। लोगों ने दुआ की कि अल्लाह पाक पूरी इंसानियत पर अपनी रहमत बरसाए और दुनिया को जंग व नफरत से बचाए। रमजान के तीसरे जुमे के मौके पर मस्जिदों में रौनक देखने लायक रही। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की बरकतों की मुबारकबाद भी दी और ज्यादा से ज्यादा इबादत कर इस पाक महीने का फायदा उठाने की अपील की।

# नहटौर के लाल धर्मवीर सिंह का कमाल

## 'ग्लेमरस' ऐप लॉन्च पर ने मिमिक्री से जीता सबका दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के अपने स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ग्लेमरस' (Glamorous) को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। दिल्ली में इस भव्य कार्यक्रम में जहां देश के कई दिग्गज सांसदों और विधायकों की मौजूदगी रही। वहीं जनपद बिजनौर के नहटौर क्षेत्र (ग्राम शेखपुरा नारायणखेड़ी) के युवा कलाकार धर्मवीर सिंह ने अपनी अद्भुत मिमिक्री से पूरे सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संभालते हुए धर्मवीर सिंह ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के प्रसिद्ध संवादों को अपने खास अंदाज में पेश



किया। जब उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के स्टाइल में कहा- 'बाप का, दादा का, भाई का, सबका बदला लेगा रे तेरा फैजल' तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनकी इस प्रस्तुति ने न केवल अतिथियों का मनोरंजन किया, बल्कि यह भी दिखाया कि ग्रामीण भारत की प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर चमकने के लिए तैयार है।

शेखपुरा नारायणखेड़ी के धर्मवीर सिंह की इस सफलता की खबर जैसे ही नहटौर पहुँची, पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि धर्मवीर ने अपनी मेहनत से गांव का नाम रोशन किया है।

**दिग्गज नेताओं ने किया सम्मानित**

धर्मवीर सिंह की इस प्रतिभा और उनके आत्मविश्वास को देखते हुए कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और अतिथियों ने उन्हें सम्मानित किया। नहटौर जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अपनी पहचान बनाना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।


**स्वदेशी क्रांति: क्यों खास है 'ग्लेमरस' ऐप?**

**डिजिटल आजादी:** यह ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का एक मजबूत भारतीय विकल्प है।

**सुरक्षा और निजता:** भारतीय सर्वर होने के कारण यूजर्स का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

**नेताओं का समर्थन:** कार्यक्रम में भारी संख्या में सांसदों और विधायकों की उपस्थिति यह संकेत देती है कि भविष्य में यह ऐप सरकारी सूचनाओं का भी प्रमुख केंद्र बनेगा।

# कुंवर सत्यवीरा कॉलेज में बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें रचित आर्य ने 74.71% अंक पाकर कर प्रथम स्थान, मुस्कान शर्मा ने 74. 5% अंक पाकर द्वितीय स्थान व अभिषेक कुमार ने 71.14% अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) व श्रीमति स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की।

उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. शुएब अली खान, विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, सहित निधि विश्नोई, डॉ. अभिषेक चौधरी, पुर्ल. कत गौड़, लक्ष्मी रानी, ऋषभ भटनागर व गौरव कुमार, निक्की पाल आदि को भी बधाई दी।

# लाल सड़न रोग के विरुद्ध बीज क्रांति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदपुर क्षेत्र की गन्ना खेती को पुनर्जीवित करने के एक बड़े अभियान के तहत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वी.एम. पाठक ने रोगग्रस्त को.0238 किस्म को उच्च उपज वाली और रोग-प्रतिरोधी किस्मों से बदलने के लिए एक व्यापक सामूहिक प्रयास की सराहना की है।

महिला स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व ग्राम बसेड़ी और ईसापुर के महिला स्वयं सहायता समूहों ने रोगमुक्त गन्ना पौध तैयार करने के लिए एक बड़े पैमाने पर पहल शुरू की है। पिछली प्रमुख किस्म को. 0238 पर लाल सड़न के घातक प्रभाव को देखते हुए, ये समूह अब कोशा 18231, कोशा 19231, को. 0118 और कोस 13235 जैसी उन्नत किस्मों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ट्राइकोडर्मा जैसे जैव-एजेंटों और थियोफैनेट-मिथाइल जैसे कवकनाशकों का वैज्ञानिक पद्धति से उपयोग करके, ये महिलाएं किसान समुदाय के लिए स्वस्थ पौध की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वी.एम. पाठक ने वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक (चांगीपुर) एस. एम. जैदी के साथ मिलकर नई किस्मों को अपनाने में हुई प्रगति का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम तंगौरौला के किसान अनिल कुमार पुत्र तुकमान सिंह ने को.0118 किस्म का एक बीज आरक्षित प्लॉट सफलतापूर्वक विकसित किया है, जिसमें वितरण के लिए लगभग 400 क्विंटल सत्यापित बीज सामग्री तैयार है। इसके साथ ही ग्राम ककराला के किसान उदय राज सिंह ने 1-5 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में को.0118 किस्म की बुवाई पेड रो बिधि से कर रहे है, जो क्षेत्र के लिए एक मिसाल पेश करता है।

इस पहल के मुख्य लाभ बताते हुए श्री पाठक ने बताया कि रोग उन्मूलन मे असुरक्षित किस्मों को त्यागकर और ट्राइकोडर्मा उपचार अपनाकर लाल सड़न के जोखिम को न्यूनतम किया जा रहा है।

# धामपुर शुगर मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

## सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल में 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जो 4 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना, फैक्ट्री में दुर्घटनाओं को रोकना है।

इस वर्ष की थीम 'लोगो को जोड़ना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना' है, ताकि सुरक्षा को और मजबूत बनाया जा सके। निष्काम गुप्ता ने श्रमिकों कर्मचारियो से जोर देकर कहा कि केवल नियम बनाना ही उनका मकसद नहीं हैं, बल्कि हर



श्रमिक, कर्मचारी को सुरक्षा के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदार बनाना है।

इस अवसर पर कई सेफ्टी प्रोग्राम्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें श्रमिकों और कर्मचारियों को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही है और उन्हें इमरजेंसी के दौरान फायर उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई। सभी विभागाध्यक्षों एवं सेक्शन हेड्स के द्वारा अपने-अपने विभागों में श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सेफ्टी बैनर्स प्रदर्शित किए गए और लोगों को सेफ्टी स्लोगन लिखने के लिए तथा सेफ्टी कंपटीशन में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रथम आने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों को परिवार के साथ पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन मुख्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण बरनी एवं उनकी टीम ओंकार सिंह, सत्यपाल सिंह, रतेंद्र, जयराम, शक्ति सिंह, दीपू कुमार, वरन सिंह, कल्याण सिंह आदि के द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर सुनील राणा, उपेंद्र तोमर, विकास अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, मुकेश कश्यप, ओमवीर सिंह, मोहित वशिष्ठ, सत्यवीर सिंह, वेंकटेश, गोविंद अग्रवाल, विनोद सिंह राणा, योगेंद्र सिंह, स्मृति यादव, शरद गहलोत, अजय पांडे, उज्जवल सिंह, दुर्गेश राठोर, विनोद बिष्ट, धीरज सक्सेना, विनोद कुमार सिंह, लवकुश चौहान, पवन शर्मा, कमल सिंह पवार, सौरभ वर्मा, भुवनेश तथा केमिकल यूनिट के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर




सम्भल। रमजान माह के तीसरे जुमे पर शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करते नमाजी।

## शव पीएम से आने पर जाम लगाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** घर से खेत पर जाते हादसे में मरे युवक का शव पोस्टमार्टम से आकर परिजनों ने जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर परिजनों को समझाकर अन्तिम संस्कार कराया। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्‌टी निवासी सुधांशु की घर से खेत पर जाते हुए 5 मार्च को दुर्घटना में मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार सुधांशु की मोटर साइकिल में ई रिक्शा की टक्कर लगने से हुई थी। शव को पुलिस में पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम से शव को वापस लाते समय टांडा कोठी में असमोली मढन मार्ग पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर इकटठा हुई भीड़ को तितर बितर कर दिया। तथा मृतक के परिजनों को समझा बूझकर शव का अंतिम संस्कार करने के लिए भेज दिया।



सम्भल। पुलिस की होली में अधीनस्थों संग होली खेलते पुलिस कप्तान के के विशनोई।

**तीसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़े नमाज़ी**

# रोज़ा बुराईयों पर लगाता है लगाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रमाज़नुल मुबारक के दूसरे जुमे पर नमाज़ियों का मस्जिदो में हुजूम उमड़ पड़ा। दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में मुसलमानों ने नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद दुनिया में अमन व शान्ति के लिए बारगाहे तआला में दुआ के लिए हाथ उठाये।

रमज़ानुल मुबारक के तीसरे पर यूं तो शहर और आसपास के क्षेत्र की हर छोटी बड़ी मस्जिदो में नमाज़ अदा की गई,लेकिन शहर की शाही जामा मस्जिद में भारी संख्या में नगर एवं आस-पास क्षेत्रों से लोगों ने नमाज अदा की। नमाज अदा होने से पूर्व शाही इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने रोज़ेदारों को खिताब फरमाया। उन्होने रमज़ान में रोज़ की फज़ीलत ब्यां की और मुसलमानों से रोज़े का अहतराम करने का आहवान किया। इमाम साहब ने कहा कि मंज़िल पर पहुंचना तब आसान हो जाता है जब राह सीधी हो। मज़हबे इस्लाम में रोज़ा रहमत और राहत का

### मुल्क व कौम की तरक्की की हुई दुआ

रहबर है। रहमत से मुराद खुदा की महरबानी से है और राहत का मतलब दिल के सुकून से खुदा की रहमत होती है तभी दिल को सुकून मिलता है। दिल के सुकून का ताअल्लुक चूंकि नेकी और नेक अमल से है। इसलिए ज़रूरी है कि इंसान नेकी के रास्ते पर चले। रोज़ा बुराईयों पर लगाम लगाता है और सीधी राह चलाता है। उन्होने कहा कि रोज़ा नेकी का छाता है जिस तरह छतरी बारिश और धूप से बचाता है ठीक उसी तरह रोज़ेदार की हिफाज़त की गारंटी है। तत्पश्चात देश दुनिया में अमनो-अमान और मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ करायी। पहले जुमे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेज़ाम रहे। रमज़ान माह के दूसरे जुमे को गणमान्य लोगो ने भी शाही जामा मस्जिद में पहुंचकर जुमे की नमाज़ अदा की और देश,प्रदेश व दुनिया में अमनो- अमान के लिए बारगाहे इलाही में अपने हाथ फैलाये। नमाज के दौरान पुलिस सुरक्षा भी चाक चौंबद रही।

# अधीनस्थों के साथ जमकर थिरके पुलिस कप्तान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** होली के रंग शांति व कानून व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराकर फुर्सत के पलों में पुलिस व प्रशासन की होली का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। होली गीतों पर थिरकर एसपी अधीनस्थों संग रंगो से सराबोर हुए।

शुक्रवार को पुलिस लाईन बहजोई मे उत्साह के साथ होली खेली गई। होली के मौके पर पुलिस लाइन में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने पुलिस कर्मियों संग जमकर होली खेली और भोजपुरी गाने गुलाब जईसन खिलल बाडू व अन्य होली एवं फिल्मी गानों पर जमकर नृत्य किया। जबकि सर पर एनिमल कैप पहनकर

### उत्साह के साथ खेली गई पुलिस की होली

उनका मस्ती भरा अंदाज जमकर भाया। अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित कई अधिकारियों ने भी समारोह में शामिल होकर होली गीतों पर थिरके। पुलिस अधीक्षक का होली के रंगो से सराबोर होकर डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस दौरान ठण्डाई और लजीज पकवान का आनंद लिया। एक दूसरे पर जमकर रंग उड़ेलकर रंगों से सराबोर हुए पुलिस अधिकारियों ने अधीनस्थों का उत्साह भी बढ़ाया। बता दें कि डयूटी पर तैनात रहकर त्यौहारों को सम्पन्न कराने वाले पुलिसकर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की होली अगले दिन मनाई जाती है,लेकिन ध्वजा मेला मे डयूटी पर क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बनाये रखे के चलते तीसरे दिन पुलिस लाईन मे होली उत्सव का आयोजन किया गया था।

# बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की नियमित करें समीक्षा

### ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्वयवहार से बचने और संरक्षण पर चर्चा की गयी।

असमोली के खण्ड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड असमोली सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जमजमा रिजवान द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1098, 181 112,



सम्भल- बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक लेते खंड विकास अधिकारी।

1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होने के निर्देश दिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं करने की भी चेतावनी दी। बैठक में शिक्षा विभाग से प्रमोद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता खेमपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रोहताश कुमार, सत्यपाल सिंह, रंजीत, नाजिम अली, रविकान्त एवं शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## रंग बिरंगी लाईटों से जगमग हुई मस्जिदें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान माह में मुकददस किताब मुकम्मल होने के साथ-साथ मस्जिदें रंग बिरंगी लाईटों से जग-मग हो रही है। शहर की गई मस्जिदों पर लग लाईटों की रोशनी को देखा जा रहा है।

## तरावीह मुकम्मल होने पर कराई अमन की दुआ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नमाजे तरावीह के दौरान मुकददस किताब मुकम्मल हो गया। नातो मनकबत की महफिल सजाई गई और मुकददस किताब सुनाने वाले इमाम सय्यद आरिज अली को सम्मानित किया गया।

माहे रमजानुल मुबारक के पाक महीने मे क्षेत्र के मोहल्ला कोट गर्वी निकट करम खा वाली मस्जिद खानकाय साबरिया मे नमाजे तरवीह के दौरान इमाम साहब ने मुकददस किताब की तिलावत की। कुरआन पाक मुकम्मल होने पर खानकाह मे महफिल सजाई गई और नात ख्वां ने नातो मकनबत के नजराने पेश किए। इंतेजामिया कमेटी की और से मुकददस किताब सुनाने वाले इमाम साहब का फूलो से इस्तकबाल किया और नजराने पेश करते हुए सम्मानित किया गया। अंत मे अमन शांति और मुल्क व शहर की खुशहाली के लिए दुआ की गई।इस मौके पर कारी मौअज्जम, मौलाना नाजिम, कारी हमजा, अब्दुल मन्नान, आशाकार, बिक्की,सय्यद रफत अली, सय्यद फरत अली, सय्यद मिंजार हुसैन, यासर इमाम खान, मौ. शकील, चौधरी वसीम, मौ उमर, जमीलउर्रहमान, जलाल रहमान, मौ. आजम, असद हुसैन आदि शामिल रहे।

# तापमान बढ़ने से गेहूं के नुकसान होने की आशंका बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** तापमान बढ़ने से गेहूं को नुकसान की आशंका बढ़ी बबराला होली के बाद मौसम ने करवट बदली है और गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। इससे गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका बढ़ गई।

### होली के बाद मौसम ने करवट बदली

पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि झुलसाने वाली गर्मी की शुरुआत हो गई है और अगले सप्ताह तक अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वातावरण में नमी की कमी और सीधी धूप के कारण गर्मी का असर ज्यादा महसूस हो रहा है जिससे लोग धूप से बचने के लिए छतरी व गमछे का सहारा ले रहे हैं। अगले चार से पांच दिनों में शुष्क हवाएं चलेंगी जिससे दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री की और बढ़ोत्तरी हो सकती है। उप सम्भागीय कृषि प्रसार कार्यालय गुन्नौर सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस समय गेहूं के पकने की शुरूआत हो गई है। तापमान में अचानक से बढ़ोत्तरी गेहूं को जल्दी पका देगी। इससे दाना कमजोर होगा और वजन घटेगा। ऐसे में सिंचाई करने से फायदा कम नुकसान ज्यादा होने की संभावना है।

## मार्च में होने लगा जून जैसी गर्मी का अहसास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मार्च का महीना लगते ही गर्मी भी अपना रूप दिखाने लगी है। गुलाबी माने जाने वाले मार्च के मौसम में जून जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। दोपहर को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-पुलिस जवानों के साथ होली खेलकर नृत्य करते।

## फूलों की होली खेलकर गुजियों का किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के सुरेश चंद्र मंजु गोयल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा थाना बबराला में थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी व पुलिस जवानों के साथ फूलों की होली खेली गयी। इस दौरान गुजिया वितरण किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन चेयरमैन कार्तिक गोयल ने कहा कि होली पर्व प्रेम का पर्व है। सभी ने होली शांतिपूर्ण ढंग से खेली। इसमें पुलिस का सहयोग रहा। इस दौरान फाउंडेशन चेयरमैन कार्तिक गोयल, थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे



बबराला- होली पर कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू।

## पूर्व मंत्री ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव व गुन्नौर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने होली के पर्व पर शोकाकुल परिवारों के यहां पहुंचकर सांत्वना प्रदान की। नगर गुन्नौर में पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव होली मिलन कार्यक्रम में भी पहुँचे। उन्होंने कहा कि होली पर कई घरों के लोग नहीं रहे। उनको में सांत्वना देता हूँ। नगर के मेडिकल व्यवसायी अजय अग्रवाल के आवास पर पहुँचे। इस दौरान गुन्नौर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति, महिपाल सिंह,अंकुर अग्रवाल, राजू आदि मौजूद रहे।

## भारत की जीत पर हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई।जिस पर क्रिकेट प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया। अब फाइनल को लेकर जबरदस्त उत्साह है। क्रिकेट प्रेमियों ने इस रोमांचक जीत को ऐतिहासिक बताते हुए जश्न मनाया। मुंबई में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड पर 7 रन से जीत दर्ज की। फाइनल में ऐसे ही जीत की कामना की। इस दौरान रोनू गुप्ता,बंटी, संजीव कुमार, हर्षित वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, प्रशान्त वार्ष्णेय, ईशु, हेमन्त, आनन्द प्रकाश आदि रहे।

## प्रधानाचार्य के पिता को हृदयाघात

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** प्रधानाचार्य के पिता की हृदयगति रूक जाने से इंतेकाल हो गया। इंतेकाल की खबर सुनते ही शिक्षा से जुड़े लोगों के अलावा अन्य लोगों ने भी बड़ी तादाद में मृतक के घर पहुंचकर ढांढस बंधाया।

गौर तलब है कि कस्बे के मौहल्ला शर्की निवासी नदीम अब्बास ज़ैदी असमोली के जेड एच कान्वेंट स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर हैं। उनके 63 वर्षीय पिता रईसुल हसन का अचानक हृदय गति थम जाने से इंतेकाल हो गयझ। अचानक इंतेकाल हो जाने से परिवार भी सदमें में आ गया। इस मौके पर कान्वेंट स्कूल असमोली के स्टाफ के अलावा कस्बे की शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों ने भी गहरे दु:ख का इज़हार कर गमज़दा परिवार को ढांढस बंधायझ। मरहूम को उनके आबाई कब्रिसतान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रस्ताव के एक वर्ष बाद भी नहीं मिली चिकित्सालय भवन को भूमि

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे में यूनानी होम्योपैथिक व पशु चिकित्सालयों के भवन निर्माण को भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव जवाहर लाल इन्अर कालिज में एक वर्ष पहले नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में पास किया गया थ,लेकिन अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है।

### जवाहर लाल इंटर कालिज में हुई बोर्ड की बैठक में पारित किया गया था प्रस्ताव, समाज सेवी भी नहीं ले रहे दिलचस्पी

बताते हैं कि यूनानी व होम्योपैथिक चिकित्सालय नगर पंचायत कार्यालय के कमरों से व पशु चिकित्सालय जर्जर भवनों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए अब से लगभग एक वर्ष पूर्व जवाहर लाल इन्टर कालिज में आयोजित बोर्ड की बैठक में भूमि दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। लेकिन एक साल का समय बीत गया परन्तु स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसमें कथित समाज सेवी भी दिलचस्पी नहीं ले रहे है। बल्कि यह कहावत चरित्रार्थ हो रही है कि आसमान से गिरा खजूर में अटका।

## उत्सुक वार्ष्णेय ने सी ए की परीक्षा की उत्तीर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हयात नगर निवासी मनोज वार्ष्णेय के पुत्र उत्सुक वार्ष्णेय ने चार्टेड अकाउटेंट की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर ली। जबकि



इससे पूर्व वह इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप में भी एक ही बार मे प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण हुए थे। उन्होंने अपनी तैयारी दिल्ली में रहकर की थी और आर्टिकलशिप भी दिल्ली रहकर ही की थी। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय ईश्वर,अपने बुजुर्गों और परिवारजनों को दिया। उनकी इस सफलता से समाज मे हर्ष का माहौल है। श्रीवार्ष्णेय सभा सम्भल के पदाधिकारियों ने उनके निवास पर पहुंच कर शुभकामनाएं दी।

# कृषि यंत्रों की दोनो योजनाओं के लिए छह लाभार्थी चयनित

### ई लाटरी के माध्यम से किया गया चयन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कृषि यंत्रीकरण की सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेज्डयू योजनान्तर्गत कृषि यन्त्र लाभार्थी का चयन चौथी बार ई लाटरी प्रक्रिया से किया गया।

दर्शन 2.0 पोर्टल पर जिलाधिकारी, की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारिणी समिति (डी.एल.ई.सी.) की मौजूदगी में दिनांक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ई-लाटरी प्रक्रिया में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि यन्त्रों हेतु 05 लाभार्थियों का चयन तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्वरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट



सम्भल- कृषि यंत्रों की योजनाआं के लाभ को ई लाटरी प्रक्रिया में प्रतिभाग करते।

आफ क्राप रेज्डयू योजनान्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन कृषि यन्त्रों के लिए दोनों योजनाओं में कुल 06 लाभार्थियों का चयन कृषि यन्त्रों पर अनुदान हेतु किया गया। मौके पर मौजूद चयनित कृषकों को पोर्टल पर पंजीकृत निर्माताओं /विक्रेताओं से ही मानकों के अनुरूप सम्बन्धित कृषि यन्त्र क्रय कर बिल निर्धारित अवधि में विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने की जानकारी दी। साथ ही कृषि यन्त्रीकरण शासनादेश में कषि यन्त्र अनुदान हेतु दिये गये प्राविधानों की भी जानकारी दी।

# हर विधानसभा से नोएडा पहुंचे कार्यकर्ता

### बसपा की बैठक में मा. कांशीराम के जन्म दिन को ली बैठक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के जन्म दिन पर कार्यक्रम में शामिल होने की रणनीति बनायी। जबकि हर विधानसभा से बसों से हज़ारों की संख्या में पहुंचने के निर्देश दिए गए।

आदमपुर गवां रोड स्थित हाजी रफतउल्ला उर्फ नेता छिददा पूर्व प्रत्याशी असमोली विधानसभा के आवास पर आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद, मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद, बरेली मंडल नगीना गिरीश चंद्र जाटव ने बताया कि15 मार्च को बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता अगडे पिछडे को



सम्भल-मा. कांशीराम के जनमदिन को लेकर बैठक में बोलते पूर्व सांसद।

सम्मान दिलाने वाले मान्यवर काशीराम का जन्मदिन पर नोएडा प्रेरणा स्थल पर भावभीनी श्रृद्धांजलि दी जायेगी। उन्होने श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिला सम्भल की प्रत्येक विधानसभा से बस अथवा फोर व्हीलर के माध्यम से हजारों की संख्या में प्रात: 8:00 बजे पहुंचने के निर्देश दिए। मीटिंग में सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होली खेलते भावनाएं आहत करने में आधा दर्जन पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** होली के दौरान एक समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली वीडियो बनाने और को लेकर विवाद खड़ा होने लगा है। पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र में चामुंडा मंदिर के निकट कुछ युवक होली खेल रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने इस्लाम धर्म के पैगंबर के नवासे व कर्बला के शहीद इमाम हुसैन का नाम लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक बातें कही। जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई।शिकायतकर्ता समीर की तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आकाश नामक युवक ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर अपने निजी फेसबक आईडी पर अपलोड कर दिया, जिसके बाद

### इमाम हुसैन को लेकर की थी अपमानजनक टिप्पणी, फेसबुक पेज पर अपलोड की थी वीडियो ने मामला ने पकड़ा था तूल

यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला तूल पकड़ गया। पुलिस ने इस मामले में आकाश, सचिन कुमार, वीरू, विनीत तथा आजेश कुमार निवासीगण हयातनगर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि घटना 4 मार्च की है, जबकि 5 मार्च को पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि समाज में शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी धर्म या आस्था पर चोट करना अथवा किया प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## ग्रीन,क्लीन सम्भल अभियान में किया गया जागरूक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मानव विकास जन सेवा समिति की ग्रीन और क्लीन सम्भल के तहत दूसरे चरण का आरम्भ वार्ड 26 से किया गया। अभियान के तहत डोर-टूडोर हर घर पर लोगों को जागरूक किया और सफाई के महत्व की जानकारी देकर बताया कि सफाइ से बीमारियों से भी बचा जा सकता है। जबकि नगर पालिका परिषदक कर्मचारी आपके द्वार पर दस्तक दे रहे हैं लेकिन फिर भी अंजाने में कूडे के ढेर लगा देते हैं। जबकि शिक्षा के युग में यह लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसी के साथ जल के दुरूपयोग न करने और जल ही जीवन है इसे बचाने तथा व्यर्थ नहीं बहाने को जागरूक किया। इस मौके पर डा. नाजिम, फारूक, नबील, मौ. वामिक, नादिर शाह, मौ. जमाल आदि मौजूद रहे।

# घर से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए अलमारी का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के कीमती जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।जानकारी के अनुसार मझोला थाना क्षेत्र के सेक्टर-14, नया मुरादाबाद निवासी राकेश माथुर पुत्र ब्रिज नंदन स्वरूप के घर में चोरों ने देर रात वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोर किसी समय घर में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का




ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।पीड़ित के मुताबिक चोर अलमारी से सोने की दो अंगूठियां, 10 ग्राम और 8 ग्राम के दो सोने के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो टॉप्स, चांदी की चेन, बिछुआ, छह चांदी के सिक्के और चांदी के चार नोट समेत अन्य कीमती सामान ले गए। इसके अलावा घर में रखे सेट ऑफ बॉक्स और अन्य दराजों के ताले भी तोड़ दिए गए। चोरों ने सूटकेस के बॉक्स में रखी चांदी की पायल, नोजपिन, कड़े और लगभग 12,500 रुपये नकद भी चोरी कर लिए।सुबह जब परिवार के सदस्यों की नजर टूटी अलमारी और बिखरे सामान पर पड़ी तो घटना का पता चला, जिसके बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं

# पत्नी के बुलावे पर ससुराल पहुंचे युवक की पिटाई

## ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर में ससुराल पहुंचे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीडिघ्त ने आरोप लगाया है कि पत्नी के बुलाने पर ससुराल पहुंचने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों से पीट दिया। घायल युवक ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जिला रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव भीतरगांव निवासी कमल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर में है। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसकी पत्नी ने फोन कर उसे ससुराल आने के लिए कहा। पत्नी के बुलाने पर वह ससुराल पहुंच गया। आरोप है कि जैसे ही वह घर के अंदर गया, वहां मौजूद उसके दोनों सालों ने दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद पत्नी के कहने पर सभी ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीडिघ्त का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से पीटा। पीडिघ्त ने अपनी पत्नी, दोनों सालों और एक साले की पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हुल्का देवी मंदिर पर लगे बसोड़ा मेले में पूजा अर्चना करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**मुरादाबाद।** शहर के कपूर कंपनी स्थित होलिका देवी महारानी मंदिर में चल रहे पारंपरिक बसोड़ा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार सुबह से ही मंदिर परिसर में महिला और पुरुष भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।14 दिवसीय इस पारंपरिक मेले के दूसरे दिन भी आस्था का सैलाब देखने को मिला। श्रद्धालु नारियल, चुनरी, अगरबत्ती और प्रसाद चढ़ाकर माता होलिका देवी का आशीर्वाद ले रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

कई श्रद्धालु अपने बच्चों और परिवार के साथ मेले में पहुंच रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं।मेले के चलते मंदिर के आसपास अस्थायी दुकानों की भी भरमार लगी हुई है। यहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, खिलौने, पूजा सामग्री और अन्य सामान की दुकानें सजी हुई हैं, जिससे मेले का माहौल और भी जीवंत नजर आ रहा है।श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके साथ ही मंदिर समिति के स्वयंसेवक भी व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराने में सहयोग कर रहे हैं।मेले में पहुंच रहे श्रद्धालुओं का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी वे माता के दर्शन करने आए हैं और माता से परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। आने वाले दिनों में मेले में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

### इंडीकेटर न देने से आमने-सामने टकराईं बाइकें, दो घायल

**चन्दौसी।** तेज रफ्तार और इंडीकेटर न देना दो बाइक सवारों को भारी पड़ गया। आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं और दोनों चालक घायल हो गए। बताया जाता है कि आटा हाईवे मार्ग पर अक्सर वाहनों की टक्कर की घटनाएं होती रहती हैं। यहां गांव की ओर से आने वाला चौराहा होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

शुक्रवार को गुड्डू पुत्र मुनेश निवासी शाहबाद, जनपद रामपुर अपनी बाइक से बहजोई से चन्दौसी की ओर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक (यूपी-22 एएन 9281) आटा गांव स्थित मॉल के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने अचानक बिना इंडीकेटर दिए बाइक मोड़ दी। घायल गुड्डू ने बताया कि सामने से आ रहे बाइक सवार स्वामी ने बिना इंडीकेटर दिए बाइक मोड़ दी, जिससे उसकी बाइक गिर गई और हादसा हो गया।

### विकासखण्ड असमोली में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

चन्दौसी। जिलाधिकारी के निर्देशन में शुक्रवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड असमोली सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जमजमा रिजवान द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम-2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से प्रमोद कुमार, सामा. जिक कार्यकर्ता खेमपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रोहताश कुमार, सत्यपाल सिंह, रंजीत, नाजिम अली, रविकान्त एवं शैलेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# रमजान के तीसरे जुमे पर मुस्लिम समाज ने की नमाज अदा, बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचे अकीदत मन्द पुलिस रही अलर्ट



**कुंदरकी।** रमजान के तीसरे जुम्मे की नमाज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह की इबादत कर दुआ मांगी नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने इफ्तार की खरीदारी की।

सब्र और इबादत के पवित्र महीने रमजान के दूसरे जुमा की नमाज नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज अदा कर रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा की।और अपने वतन के साथ साथ पूरी दुनिया मे खुशहाली व अमनो अमान की दुआए मांगी। जुमा की नमाज अदा करने को मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। महिलाओं ने भी घरों में नमाज अदा की। नमाज से पहले रमजान की फजीलत बयान करते हुए बताया कि रोजे की हालात में इंसान के हाथ, पैर, आंख सहित सभी अंगों का रोजा होता है। जबकि नगर में रमजान की रौनक बनी हुई है।

# चलती कार में लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब फव्वारा चौक के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में पूरी कार आग की चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला स्थित हिमगिरी कॉलोनी निवासी फुरकान अपनी कार से कटघर क्षेत्र की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार फव्वारा चौक के पास पहुंची तो अचानक कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। शुरुआत में उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन कुछ ही क्षणों में बोनट से आग की लपटें उठने लगीं।स्थिति को भांपते हुए फुरकान



ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोक दिया और खुद सुरक्षित बाहर निकल आए। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।हालांकि आग इतनी भीषण थी कि दमकल कर्मियों के पहुंचने तक कार लगभग पूरी तरह जल चुकी थी।दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे आसपास के वाहनो को नुकसान होने से बचा लिया गया।अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना के दौरान सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# रमजान के तीसरे जुमे पर जामा मस्जिद में उमड़ी नमाजियों की भीड़, रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**मुरादाबाद।** रमजान माह के तीसरे जुमे पर शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। थाना मुगल. पुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए लोगों का आना शुरू हो गया था। दोपहर तक मस्जिद परिसर और आसपास की गलियां नमाजियों से भर गईं।जुम्मे की नमाज के दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ नमाज अदा की और अल्लाह से देश, प्रदेश तथा मुरादाबाद शहर में अमन-चौन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने मानवता, भाईचारे और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।इस अवसर पर शहर के नायब इमाम-ए-शहर मुफ्ती सैयद फहाद अली ने नमाज अदा कराई। अपने संदेश में उन्होंने रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताते हुए कहा कि यह महीना सब्र, इबादत और



इंसानियत की सेवा का महीना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करें, जकात और सदका दें तथा समाज में आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करें।रमजान के तीसरे जुमे को देखते हुए मस्जिद और उसके आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन की ओर से क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी गई, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान की मुबारकबाद देते नजर आए।

# महिला सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**चन्दौसी।** द्वारिकाधीश संकुल स्तरीय समिति कार्यालय में गुरुवार को पी.डी. टंडन सेवा संस्थान बहजोई द्वारा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पी.डी. टंडन सेवा संस्थान बहजोई के प्रबंध निदेशक हेमंत बाबू ने कहा कि 08 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, समान अवसरों और गरिमा को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामा. जिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

संगीता भार्गव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'जब नारी सशक्त होगी तभी समाज सशक्त होगा। शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने जीवन को बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।' उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनुपमा सिंह को देश में संभल का नाम रोशन करने के लिए एवं लाखपति दीदी प्रोग्राम में रिबलिक डे परेड में प्रतिभाग करने के लिए ममेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में हेमंत बाबू ने विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली, द्वारिकाधीश संकुल स्तरीय समिति उपस्थित महिलाओं एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. मुशीर व पुत्रवधू श्रीमती रीना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी चल व अचल समस्त सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. मुशीर व पुत्रवधू श्रीमती रीना के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमति ताहिरा बानो पत्नी स्व. मौ. नईम निवासी हरी चुगो वाली मस्जिद असालतपुरा थाना गलशहीद तहसील व जिला मुरादाबाद। हाल निवासी निकट बड़ा हाता नन्हे ठेकेदार वाली गली थाना गलशहीद तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीनी दिनांक 25 जनवरी 2026 को अपने घर से से भूमि संबधित कागजात अभिलेख लेकर टांडा तहसील जा रही थी। प्रार्थीनी के थेले में मूल कागजात बैनामा मुख्य बाजार में कहीं पर गिर गया है। काफी तलाश करने पर नही मिला। उपरोक्त बैनामा उपनिबंधक कार्यालय काशीपुर में वही संख्या एक जिल्द सं0 4286 के पृष्ठ 339 से 352 क्रमांक सं0 2656 दिनांक 26 मार्च 2015 को पंजीकृत है जो कि अलीमन पत्नी इस्माईल के नाम दर्ज है। प्रार्थनी द्वारा उक्त मूल बैनामा खो जाने की रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। जिससे कि उक्त बैनामे का कोई अन्य व्यक्ति दुरूप्योग न कर सके। मूल बैनामा के संबध में कोई वाद किसी भी न्यायालय एवं बैंक वित्तीय संस्थान में बंधक नही है। यदि किसी व्यक्ति को खोया बैनामा मिले तो मुझे एवं मेरे अधिवक्ता वीर सिंह एडवोकेट जी को 15 दिन के अंदर सूचित करें, मोबाइल नंबर 8077303700 अन्यथा यह प्रॉपर्टी से संबन्धित किसी भी दावे पर सुनवाई नही होगी। **अलीमन पत्नी इस्माईल निवासी ग्राम परशुपूरा तहसील टांडा जिला रामपुर।**

## होली मिलन के दौरान राम- राम और जय भीम बोलने को लेकर भिड़े दो पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरसरी में बुधवार को होली मिलन के दौरान जय भीम व राम-राम बोलने को लेकर दो समाज के लोगों में विवाद हो गया और मध्य रात्रि में जमकर लाठी डंडे व पथराव हो गया जिसमें दोनों पक्षों से छः लोग घायल हुए हैं। बुधवार को सुबह होली मिलन के दौरान गांव में दो समाज के लोगों के बीच राम-राम व जय भीम बोलने को लेकर कहासुनी के दौरान विवाद बढ गया।

गांव के लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। रात्रि 12 बजे फिर से दोनों पक्षों में गाली गलौज के साथ लाठी डंडे लेकर मारपीट और पथराव हो गया। वहीं दूसरे पक्ष से राजपाल सिंह पुत्र झाझन सिंह ने घर पर आकर गाली गलौज व मारपीट करने की पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# अंबेडकर पार्क के सामने ई-रिक्शा और कार की हुई टक्कर, ई रिक्शा पलटी, तीन लोग हुए घायल

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अंबेडकर पार्क के बाहर मिनी मेट्रो और कार के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिनी मेट्रो सड़क पर पलट गई। हादसे में मिनी मेट्रो में सवार दो पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए मिनी मेट्रो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घायल संजीव, जो बिलारी थाना क्षेत्र के गांव वीरमपुर का निवासी है, ने बताया कि होली के चलते न्यायालय बंद थे। वह कचहरी में अपनी तारीख लेने आया था और वहां से मिनी मेट्रो में बैठकर रोडवेज की ओर जा रहा था। इसी दौरान



कचहरी रोड की तरफ से आ रही मिनी मेट्रो और पीली कोठी रोड से कचहरी की ओर जा रही कार अंबेडकर पार्क के मोड़ पर आमने-सामने टकरा गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण टक्कर के बाद मिनी मेट्रो पलट गई और उसमें सवार यात्री घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चालकों से पूछताछ की। कार चालक ने अपना नाम उज्ज्वल अग्रवाल निवासी आर्य नगर, सिविल लाइंस बताया। उसने बताया कि वह किसी जरूरी काम से कचहरी जा रहा था और दिल्ली रोड पर उसका बर्तन का कारोबार है। उसने घायलों के इलाज का खर्च उठाने की बात भी कही।फिलहाल पुलिस ने दोनों चालकों के मोबाइल नंबर और वाहनों के नंबर नोट कर लिए हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवीपुरा**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 06.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत देवीपुरा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 13.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 13.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जालपुर में राजेश के घर से हरकेश के घर तक नाली निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रेता आदि। | 150 मी0 | 133756/- | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | देवीपुरा में सोनू के घर से सरकारी स्कूल तक नाली निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रेता आदि। | 161 मी0 | 157433/- | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत देवीपुरा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सूजल उर्फ अर्जुन पुत्र स्व. रामकिशोर व पुत्रवधू श्रीमती निधि पत्नी सूजल उर्फ अर्जुन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती बृजबाला उर्फ रेखा पत्नी स्व. रामकिशोर निवासी हरथला मंगल का बाजार हरथला थाना सिविल लाईन, जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मुरादाबाद**
**नम्बर मुकदमा** :-977 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 28.04. 2026
**नदीम बनाम शीबा**
**बनाम**

शीबा पुत्री अहमद अली उम्र लगभग 21 वर्ष निवासनी करूला सफेद कोठी मन्सूरी कालौनी निकट हाशमी मस्जिद, मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 04 के दिवस 28 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 03 के दिवस 06 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 24746/2025
**कंप्यूटरीकृत वाद संख्या:**
टी-202513540124746 **सन्** 2025
**तारीख पेशी:** 13.03.2026
**धारा:** 24, अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006
ग्राम भोजपुर धर्मपुर तह.व जिला मुरादाबाद
**मौ० नफीस आदि बनाम ग्राम सभा**

1. मौ. नफीस, 2. अनीस अहमद, 3. रईस अहमद पुत्रगण रफीक अहमद निवासीगण ग्राम भोजपुर धर्मपुर तह. व जि. मुरादाबाद।

**बनाम**

1. नफीसउद्दीन, 2. मौ. लईक उद्दीन, 3. वसीम उद्दीन पुत्रगण वहीद उद्दीन, 4. वसीउद्दीन पुत्र हकीमुद्दीन, 5. नन्नी बेगम पत्नी हकीमुद्दीन, 6.अजीमुद्दीन पुत्र नजीर अहमद, 7. तमीजान पुत्र मौ. समी, 8. प्यारी पत्नी कल्लू, 9. इस्माईल पुत्र छुन्ना, 10 अहमदी पुत्र फिदा हुसैन, 11. रोशनी पत्नी रमजानी, 12. लल्ली पुत्री सईदुद्दीन, 13. इकराम अली पुत्र निजाम अली, 14. खान सिंह पुत्र मेवाराम, 15. मोनू, 16. राजू पुत्रगण बाल किशन, 17. तेजपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह, 18. राजीव, 19. प्रदीप पुत्रगण विजय सिंह, 20 कुमरवती पत्नी विजय सिंह, 21. अर्जुन सिंह पुत्र ऋषिपाल, 22. माया देवी पत्नी ऋषिपाल, 23. शांति देवी पत्नी अमर सिंह, 24. संजय सिंह, 25. जय प्रकाश, 26. सोनू, 27. चेतराम पुत्र झण्डू, 28. रामकली पत्नी झंडू, 29. अंजार हुसैन, 30 इसरार हुसैन, 31 मौ. इमरान पुत्रगण मौ. जफर उर्फ मुन्ना समस्त निवासीगण भोजपुर धर्मपुर, मुरादाबाद, 32. अली अहमद पुत्र मौ. वख्श, 33. अहमद हसन 34. मेहंदी हसन, 35. वाहिद पुत्रगण सूखा, 36 निजामुद्दीन, 37 अमजुद्दीन पुत्रगण शाहाबुद्दीन, 38 नन्हुआ, 39 घासी पुत्रगण छोटे, 40. तसलीम, 41 यामीन, 42. यासीन, 43. सलीम पुत्रगण भूरा, 44. नगर पंचायत अध्यक्ष भोजपुर धर्मपुर समस्त निवासीगण ग्राम भोजपुर धर्मपुर तह. व जि. मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 03 के दिवस 13 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 26 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर उपजिलाधिकारी**
**जनपद मुरादाबाद।**

# बुद्धि विहार में पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने मां-बहन पर किया हमला, बहन की मौत, मां गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने शुक्रवार को खौफनाक रूप ले लिया। बुद्धि विहार स्थित आर्यन स्कूल के पास एक युवक ने गृह क्लेश के चलते अपनी मां और बहन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।जानकारी के अनुसार मृतका हिमा शिखा और उसका भाई हार्दिक होली की छुट्टियां मनाने के लिए घर आए हुए थे। बताया जा रहा है कि वापस नौकरी पर लौटने से पहले किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि हार्दिक ने गुस्से में आकर अपनी मां नीलिमा शर्मा और बहन हिमा शिखा पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए।हमले के बाद आरोपी युवक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मझोला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल मां-बेटी को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने हिमा शिखा को मृत घोषित कर दिया, जबकि मां नीलिमा शर्मा का अस्पताल में इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना से इलाके के लोगों में दहशत और आक्रोश का माहौल है।नगर पुलिस अधीक्षक कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी युवक घटना के



बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।





# गरीब बेसहारा परिवारों को GNRF ने रमजान राशन किट घर घर पहुंचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकीं।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घर घर जाकर दावते इस्लामी इंडिया की कल्याण शाखा गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस वर्ष भी रमजान राशन पैक वितरण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया। इस शुभ महीने में, कई लोगों ने जरूरतमंदों की मदद करने के इस नेक काम में अपना योगदान दिया, जिससे बड़ी संख्या में परिवारों को लाभ हुआ यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-2) यानी जीरो हंगर और एसडीजी-1 यानी नो पॉवर्टी के तहत लोगों को भूख और गरीबी से मुक्त कराने की दिशा में एक कदम है।

इस कार्यक्रम के तहत जरूरत मन्द परिवारों को राशन किट वितरित किए गए। प्रत्येक राशन किट में दैनिक आवश्यक खाद्य सामग्री होती है, जो पूरे रमजान के दौरान परिवार के लिए पर्याप्त होगी। इनमें चावल, आटा, दालें, चीनी, चाय, खजूर, मसाले और अन्य जरूरी चीजें शामिल थीं। दावते इस्लामी हिंद के जिला अध्यक्ष अरकान कादरी अत्तारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों को हार्दिक धन्यवाद दिया और कहा कि हमारी संस्था इसी प्रकार से मानवता की सेवा करती रहेगी और भविष्य में भी ऐसे नेक कार्य करने का हमारा संकल्प है हम सभी से प्रार्थना और सहयोग का अनुरोध करते हैं।

ताकि हम भविष्य में और अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकें। इस अवसर पर फरजन्द अली गौसे आलम अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी अब्दुल रऊफ अत्तारी फरमान अत्तारी जुनैद अत्तारी कारि मुजीब इमरान आदि मौजूद रहे।




## बासोड़ा पर हुई माता की जात लगाया मेला

**चंदौसी।** कैथल गेट स्थित श्री गंगा देवी मंदिर और चुन्नी मोहल्ला के ललिता देवी मंदिर में शुक्रवार को बसौड़ा पूजन किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं माता शीतला की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों की सलामती की कामना की। पाँचों मंदिरों में पूजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती भी रही। बसौड़ा पूजन के अवसर पर शुक्रवार को नगर के श्री गंगा देवी मंदिर और ललिता देवी मंदिर, खिड़कियां मंदिर, ब्रह्म का मंदिर, बूढ़ी माता का मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिलाएं मंदिर पहुंचकर माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए माता से मन्नतें मांगी। पूजन को लेकर पांचों मंदिरों में पिछले कुछ दिनों से तैयारियां चल रही हैं। गुरुवार को मंदिर परिसर की साफ-सफाई और सजावट की गई, साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल्लियां लगाई गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की गई। श्री गंगा देवी मंदिर के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया। इसके लिए गुरुवार को रात से ही दुकानदारों ने ठेले और बांस-बल्लियां लगाकर अपनी दुकानों के लिए स्थान सुरक्षित किया और वहां पर दुकान लगाई गई। मंदिर कमेटी में पुलिस प्रशासन तैनात रहा। श्री गंगा देवी मंदिर के पुजारी ने बताया कि मान्यता के अनुसार होली के बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाता है, जिसमें बच्चों में खसरा, काली खांसी, पीलिया और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचाव के लिए महिलाएं माता शीतला की पूजा कर बसौड़ा पूजन करती हैं।

## तहसील बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 9 मार्च

**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 9 मार्च को दोपहर 1:00 बजे होगा। उक्त जानकारी बार के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा एवं महासचिव दीपक कुमार बिश्नोई ने दी बताया गया कि बार सभागार में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें तहसील के सभी अधिवक्ताओं सहित मीडिया एवं कुछ अन्य लोग भी शामिल रहेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होली पर महिला की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**भोजपुर।** बुधवार को होली के दिन गांव बिजना में हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।




आरोपियों की निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद कर सीज कर दी गई हैं। अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बुधवार को गांव बिजना में रामकिशोर और जागन के बच्चों में हुई कहासुनी के बाद जमकर लाठियां चलीं थीं। मार-पीट में लक्ष्मी देवी, राम किशोर और किरन गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस ने मृतक महिला लक्ष्मी देवी के बेटे मुकुट सिंह की तहरीर पर राजीव पुत्र जागन सिंह, जागन व रिंकू पुत्र जागन के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। उपचार के दौरान लक्ष्मी देवी की मौत होने पर पुलिस ने जानलेवा हमले के मुकदमे को गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में तरमीम कर लिया। हत्या में मुनीश का नाम प्रकाश में आने पर शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक विपिन कुमार हमराह पुलिस कर्मियों की मदद से हत्या में नामजद राजीव व जांच के दौरान प्रकाश में आए मुनीश को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद हमले में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद कर सीज कर चालान कर दिया। इंवेस्टिगेशन आफिसर संजय कुमार ने बताया कि प्रकरण की गहराई से जांच की जा रही है अगर कोई अंय व्यक्ति दोषी पाया गया तो उनको भी मुकदमें में शामिल कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बोर्ड परीक्षाओं के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होने की उम्मीद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। इसके बाद 18 मार्च से प्रदेश के 249 केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होने की उम्मीद है। इस संबंध में बोर्ड के सचिव ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद मूल्यांकन प्रक्रिया की तिथि घोषित की जाएंगी। प्रदेश के 8033 केंद्रों पर हो रही अधिकांश मुख्य विषयों की परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं। होली के बाद नौ मार्च से परीक्षाएं फिर से शुरू होंगी। उस दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल उर्दू तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र और तर्कशास्त्र विषय की परीक्षाएं होंगी। बोर्ड का लक्ष्य है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर 15 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाए। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 52 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, हालांकि इनमें से बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है।पिछले वर्ष हाईस्कूल में 27,32,165 और इंटरमीडिएट में 27,05,009 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वर्ष 2025 में बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक मूल्यांकन प्रक्रिया चली थी। इसके बाद 25 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। उस वर्ष हाईस्कूल में 90.11 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 81.15 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे।

## रमजान के तीसरे जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न



कांठ(शाह टाइम्स) रमजान के तीसरे जुमे की नमाज आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई नमाजियों ने देश और समाज की तरक्की के लिए दुआ की, आज रमजान के महीने का तीसरा जुम्मा था जिसमें अलग-अलग मस्जिदों में तयशुदा समय पर नमाज अदा की गई जामा मस्जिद अंसारियां मस्जिद बंजारन मस्जिद गुलजार मस्जिद मोती मस्जिद छपरा वाली मस्जिद माही ग्रान मस्जिद सुनहरी मस्जिद लाल मस्जिद आदि नगर की सभी मस्जिदों में जुम्मे की नवाज अपने-अपने निर्धारित समय के अनुसार अदा हुई। जिसमें भारी संख्या में नमाजी शामिल हुए और उन्होंने देश की खुशहाली के लिए दुआएं की। इस दौरान लोग एक दूसरे को जुम्मे की मुबारकबाद देते हुए भी देखें गए।

## बच्चों के झगड़े की शिकायत करने पर मारपीट और धमकाने के आरोप की थाने में दी तहरीर

कांठ(शाह टाइम्स) थाना छजलैट के गांव खुशहालपुर निवासी प्रियंका पत्नी राजू का आरोप है कि 3 मार्च की दोपहर करीब 2:00 बजे बच्चों में हुए झगड़े को लेकर वह गांव के अल्ताफ पुत्र अकरम के घर शिकायत करने गई थी आरोप है कि अल्ताफ पुत्र अकरम गुल्लू पुत्र अकरम शबनम पत्नी अकरम ने मिलकर महिला के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी वह जान बचाकर घर की ओर भागी तो उसके पीछे तीनों लोग दौड़कर उसके घर में घुस गए और तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की उनके कपड़े फट गए और वह उनको रास्ते में खींचकर ले जाने लगे गांव के लोग आए तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़िता थाने पहुंची और कार्रवाई के लिए तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## पुलिस ने महिलाओं को दी हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी



**कांठ(शाह टाइम्स)** पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत आज महिलाओं को उनके अधिकार और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी पुलिस कांस्टेबल बाजार की ओर पहुंची और रामलीला मंदिर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 1930, 108, 1098, 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में महिलाएं इन नंबरों पर फोन करके पुलिस की मदद ले सकती है उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन विमन पावर हेल्पलाइन साइबर अपराध हेल्पलाइन एंबुलेंस सेवा चाइल्ड हेल्पलाइन आदि नंबरों पर कॉल करने से पीड़ित को तुरंत मदद मिल जाती है पुलिस ने महिलाओं को पंपलेट देकर भी जागरूक करने का काम किया।

# विध्ज्ञायक कमाल अख्तर ने लोगों की समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** विधायक कमाल अख्तर ने आज कांठ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान कराने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना और उनकी परेशानियों को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है बताया कि समाज के वंचित वर्गों के अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा उन्होंने मजबूती से आवाज उठाई है और आगे भी उठाने का काम करते रहेंगे क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्य और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी उन्होंने चर्चा की कहा कि क्षेत्र के विकास सामाजिक सुधार और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूती से काम किया जाएगा। लोगों ने बिजली पानी सड़क राशन कार्ड पेंशन आदि से जुड़ी अपनी समस्याएं उनके सामने रखी जिनके समाधान का उन्होंने जल्द भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव आबिद अंसारी सुभाष गुर्जर तस्लीम प्रधान सलीम खान जय प्रजापति डॉक्टर दानिश अंजर अहमद भूरे खान आदि मौजूद रहे।



# इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन बिलारी का होली मिलन समारोह, चिकित्सकों ने गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन बिलारी की ओर से गुरुवार देर रात एक निजी फार्म हाउस पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी सौहार्द व एकता का संदेश दिया। समारोह के दौरान चिकित्सकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा रंगारंग माहौल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ त्योहार का आनंद लिया। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और पेशेवर सहयोग और अधिक मजबूत होता है। कार्यक्रम में डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. दीपक चौधरी, अनिल ठाकुर, डॉ. जनक शर्मा, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. सपना, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. दीपिका, डॉ. सोनिया आहूजा, डॉ. सनी, डॉ. अरुण, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ मनीष, डॉ. तिलक राज आहूजा, डॉ. विवेक सिंह, डॉ आशुतोष शुक्ला, डॉ. यश चौधरी तथा डॉ. अक्षय मलिक सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर होली पर्व की बधाई दी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का आनंद लिया। आयोजन के अंत में सभी ने भविष्य में भी इसी तरह मिलजुल कर समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान देने का संकल्प लिया।



## बाइक सवार दबंगों ने कार सवार युवकों को बुरी तरह पीटा

**मूंढापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव सिरसखेड़ा से नेशनल हाईवे को जोड़ने वाले रोड पर राइस मिल के पास गुरुवार रात्रि के 10:00 बजे दो कार सवार युवकों को बाइक सवार दबंगों ने हाथ में पड़े कड़ों से बुरी तरह से पीटा। मारपीट में दोनों युवक चोटिल हो गए। आमिर पुत्र यासीन निवासी सैजनी नानकार जिला रामपुर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पास रखे पचास हजार रुपए भी बाइक सवार छीनकर ले गए। जिशान व आमिर निवासी सेजना नानकार जनपद रामपुर खाईखेड़ा अपनी रिश्तेदारी में आए थे और रात के समय रिश्तेदारी से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी हरसेनपुर से 15 से 20 बाइक सवार लोग उनके पीछे पड़ गए और उन्हें साइड न देने के बहाने से रास्ते में रोक कर गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर दोनों भाइयों को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक सवारों की तलाश शुरु कर दी है।

## सिरसखेड़ा में प्रधान पद चुनाव को लेकर हुए हमले में आठ आरोपी गिरफ्तार

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के सिरसखेड़ा गांव में प्रधान पद चुनाव को लेकर रंजिश में मारपीट के बाद फायरिंग में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया,मौजूदा प्रधान इकरार तथा दूसरे प्रधान पद प्रत्याशी अब्दुल मतालिब उर्फ अब्दुल्ला में चुनावी रंजिश चल रही है,बृहस्पतिवार अब्दुल मतालिब के चाचा वहीद पैदल प्रधान पक्ष के जाकिर के घर के पास से गुजर रहे थे। आरोप है कि प्रधान इकरार, जाकिर, शमशाद फरजंद ने उसे घेर लिया और लाठी डंडो से पीट दिया जिससे उसके सिर में चोट आई है आरोप है जाकिर ने फायरिंग कर जान मारने की धमकी दी,पुलिस ने 33 नामजद एवं 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा, फायरिंग, गुंडा एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। एसएच ओ मोहित चौधरी ने बताया कि इस मामले में 1. अब्दुल मुतालिब उर्फ अब्दुल्ला पुत्र अख्तर उर्फ अख्तियार, 2. फईम पुत्र यामीन, 3. अता मौहम्मद पुत्र अली हसन, 4. अब्दुल हकीम पुत्र अब्दुल हफीज, 5. इमरान पुत्र अहमद हसन, 6. अली मौ० पुत्र मुन्ने, 7. आजम पुत्र इरशाद नि० गण ग्राम सिरसखेडा थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद, 8. फरहद रजा पुत्र फरजन्द नि० ग्राम सिहोराबाजे थाना मूंढापाण्डे को जेल भेज दिया है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल ( सी० डी० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्याः** 1019 सन् 2025
**तारीख पेशीः** 17.03.2026

1. सुनील कुमार आयु लगभग 38 वर्ष पुत्र तेजराम सिंह निवासी - क-1, नवीन नगर, मुरादाबाद, 2. राम चन्द्र आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र श्री ज्वाला सिंह निवासी-मौहम्मद बस्तौर तह. बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

1.कुंवरपाल सिंह आयु लगभग 60 वर्ष पुत्र श्री बहोरन सिंह, 2. शोभित चौधरी आयु लगभग 30 वर्ष पुत्र श्री कुंवरपाल सिंह, 3.भूमित चौधरी आयु लगभग 25 वर्ष पुत्र नामालूम निवासीगण नारायणपुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद। **प्रतिवादीगण।**

उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा प्रस्तुत किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 17.03.2026 को 10:30 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूप से अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 06.03.2026 को जारी किया गया।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्याः 5B/347 स्थित नया मुरादाबाद योजना सेक्टर 5 तहसील व जिला मुरादाबाद जिसकी चौहदी निम्न है। पूरब सड़क 7.50 मीटर चौडी बादहू पार्क, पश्चिमः भूखण्ड सं0 5 बी/339, उत्तर : भूखण्ड सं० -5 बी/346, दक्षिण : भूखण्ड सं० 5 बी/348 का मूल बयनामा दिनांकित 24.12.2020 जो वही संख्या 1 जिल्द सं0 13064 क्रमांक : 9678 पर उपनिबंधक द्वितीय मुरादाबाद जो एम०डी०ए० मुरादाबाद द्वारा बॉबी पुत्र विशम्भर सिंह के हक में निषपादित किया गया व उक्त सम्पत्ति का ही एक अन्य मूल बयनामा दिनांकित 24.12.2020 जो बही सं० 1 जिल्द सं0 13064 क्रमांक 9678 पर उपनिबंधक कार्यलय द्वितीय मुरादाबाद के यहां पंजीकृत है जो बॉबी द्वारा मौ० आसिफ पुत्र नसीम अहमद के हक मे निषपादित किया गया था व सम्पत्ति का मूल अवंटन पत्र वास्तव में कही खो गये है जिसकी रिपोर्ट श्रीमती मिथलेश कुमारी द्वारा थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद में कर दी है उपरोक्त सम्पत्ति का वर्तमान मालिक श्रीमती मिथलेश कुमारी द्वारा उक्त सम्पत्ति किरनपाल पुत्र बाबूराम को विक्रय कर रही है उक्त किरनपाल पुत्र बाबूराम उक्त सम्पत्ति को क्रय करने के लिऐ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाकबडा मुरादाबाद से लोन लेकर बन्धक रख रहा है यदि किसी व्यक्ति / संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर बैंक में आकर अपनी आपत्ति परस्तुत करें बाद में उक्त सम्पत्ति के मूल प्रपत्रों का उपयोग अवैधानिक होगा।

**अमित कुमार यादव ( एड0 )** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाकबाडा जिला मुरादाबाद। **मौ0. 9324911952**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 1969 में पंजीकृत **'अंबेडकर युवक संघ'** (पंजी0 संख्या-732/1969) का नाम कालांतर में संघ के व्यापक विस्तार एवं जनमानस की मांग पर **'अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ'** मुख्यालय- मुरादाबाद किया गया का नाम परिवर्तित कर संस्था को विधिक स्वरूप प्रदान करते हुए वर्तमान में **'अखिल भारतीय अंबेडकर संघ'** मुख्यालय मुरादाबाद जिसका अंग्रेजी वर्जन **(Akhil Bhartiya Ambedkar Association)** पंजी0 संख्या-6415/2025 के नाम से पुनः पंजीकृत कराया गया है । संघ का झंडा एवं लोगो पूर्व की भांति संघ संविधान के अनुरूप रहेगा ।

**अतः** शासन-प्रशासन एवं संघ की सभी शाखाओं को सूचित किया जाता है कि **'अखिल भारतीय अंबेडकर संघ'** पूर्व में संचालित **'अंबेडकर युवक संघ'** तत्पश्चात **'अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ'** की ही वैचारिक एवं सामाजिक निरंतरता में कार्यरत संस्था है।

**आज्ञा से -अध्यक्ष/महामंत्री**
**अखिल भारतीय अंबेडकर संघ**
**मुख्यालय-मुरादाबाद।**

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-16-TRD-MB-25-26-I |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद डिवीजन के बुंदकी, हापुड़, इकबालपुर, डबतारा, हकीमपुर और चंदौसी स्टेशनों पर रेलवे माल गोदामों से संबंधित टी0आर0डी का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 30.03.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 73,44,062.94/- (Incl. GST @18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 1,46,900/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2025-26/TN-22 दिनांक : 06.03.2026 769/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

(मुरादाबाद मण्डल) निविदा सूचना

| क्र सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026 बालामऊ के रनिंग रूम के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य हेतु। | 3175825.89 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 63500.00 | 06 (छः) माह | निविदाये दिनांक 30.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. : 06/2026 दिनांक : 06.03.2026 772/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ब्रिटेन की कार्टल व फर्नले इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ब्रिटेन की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी सोनाय कार्टल और जैकब फर्नले ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स के दूसरे राउंड में जगह बना ली। 24 साल की कार्टल ने थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी को 6-4, 6-4 से हराया। अब अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका की 20वीं सीड एम्मा नवारो से होगा। लेकिन ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए यह मुकाबला आसान नहीं था, उन्होंने 4-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 48 सेकंड में यह जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग में जैकब फर्नले ने बोस्निया के दामिर जुम्हुर को 6-3, 6-3 से हराया। अगले दौर में फर्नले का मुकाबला अमेरिका की सातवीं सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। हालांकि, साथी ब्रिटिश खिलाड़ी फैन जोन्स को अमेरिकी क्वालिफायर कायला डे से सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### आईसीसी ने टी-20 विश्व कप फाइनल मैच के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने कहा है कि इंग्लिश जोड़ी रिचर्ड इललगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इललगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल की जिम्मेदारी संभालेंगे, इससे पहले 2024 में क्रिस गैफनी के साथ अंपायर रहे थे। इससे पहले वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप

# विश्व कप फाइनल खेलना मेरा सबसे बेहतरीन पल होगा: संजू




● संजू सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल अहमदाबाद में खेलेंगे

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्वकप के सुपर आठ और सेमीफाइनल मुकाबले में मैच विजई पारी खेलने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि फाइनल में खेलना मेरे सबसे बेहतरीन पलों में एक है। सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेंगे।

सैमसन अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे बेहत. रीन पलों में से एक है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं इस प्रारुप बहुत लंबे समय से खेल रहा हूं। मैंने लगभग 300 या 400 टी-20 (328) खेले हैं। मैंने एक से लेकर छह नंबर तक के क्रम में बल्लेबाजी की है। मैंने आईपीएल फ्रैंचाइजी 'राजस्थान रॉयल्स' की कप्तानी भी की है। इसलिए मुझे अनुभव है कि किसी समय टीम को क्या चाहिए और इस एकादश में मेरी सटीक भूमिका क्या है। वही स्पष्टता आपको अपने तरीके से रन बनाने में मदद करती है। संजू सैमसन ने पिछले रविवार विंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और फिर गुरुवार शाम सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 89 रन बनाकर लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने शुरुआत में ही समझ लिया था कि इस पिच पर कम से कम 250 का स्कोर करना होगा। उन्होंने कहा कि यह मैच पूरी तरह अलग था। जब आप वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको पता होता है कि यहां कोई भी स्कोर काफी नहीं होता। इसलिए जब मुझे शुरुआत मिल गई, तो मैं उसका लाभ उठाना चाहता था। मैं जितने अधिक छक्के और चौके लगा सकता था, लगाने का प्रयास किया। मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है। इसलिए जब आप तीन या चार गेंदें देख लेते हैं, तो फिर हमला शुरू कर देते हैं। कभी नतीजा आपके खिलाफ जाता है और कभी आप जीतते हैं। लेकिन आप अपने स्वभाव या गेमप्लान को नहीं बदल सकते क्योंकि हमारे पास नंबर आठ तक बल्लेबाजी कर है। इसलिए अगर आपका दिन है तो टीम को आगे ले जाओ, नहीं तो दूसरों का साथ दो।

# बुमराह सहित सभी गेंदबाजों ने मैच में कराई वापसी: सूर्यकुमार यादव

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने जसप्रीत बुमराह के किफायती स्पैल की सराहना की। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और अन्य गेंदबाजों ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए मैच में हमारी वापसी कराई। अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी हृदय गति 160 के करीब थी।

सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को सात रनों से हराने के बाद भारतीय कप्तान ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना लड़कों के लिए बहुत खास है। मैंने हैरी से मजाक में कहा कि बताओ तुम्हारे खिलाफ हमें और कितने रन बनाने चाहिए। वे हमेशा मैच में बने हुए थे। चेज में भी लगातार बने रहे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और शेष




● कहा : अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी दिल की धड़कन 160 की करीबी थी

गेंदबाजों ने मैच को वापस खींचा, वह अविश्वसनीय था। यह एक खास गेंदबाजी प्रदर्शन था। अक्षर द्वारा पकड़े गए कैच के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप को भी थोड़ा श्रेय देना पड़ेगा। वह टीम के साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। मैं बहुत नर्वस था। अगर कोई मेरी हृदय गति चेक करता तो पता चलता कि यह आसानी से 160 के करीब होता। 89 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने कहा कि ऐसी पारी खेलने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है।

पिछले मैच से मैं अच्छी लय में हूं। मैंने सोचा कि जो लय मुझे मिली है, उसका पूरा लाभ उठाया जाए। हमें पता था कि इस मैदान पर कोई भी स्कोर छोटा है। उसी कारण से हम जितना हो सके रन बनाना चाहते थे। आपको यह जल्द से जल्द पहचानना होता है। यहां लक्ष्य का पीछा करना बेहद आसान होता है। किशन और मेरी साझेदारी अच्छी थी। साथ ही मुझे लगता है कि इस जीत का श्रेय बुमराह को जाता है। अगर डेथ ओवर में उस तरह की गेंदबाजी नहीं करते तो शायद हम नहीं जीतते।

# ऐनाबेल-लूसी ने भारत को 198 पर रोका

● डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गवां दिए

**पर्थ, ऑस्ट्रेलिया।** ऐनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और लूसी हैमिल्टन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले जा रहे एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 198 के स्कोर पर रोक दिया। डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। सायली सातघरे (सात) को सदरलैंड ने आउट किया। इसके बाद 63वें ओवर की चौथी गेंद पर डार्सी ब्राउन ने क्रांति गौड़ (एक) को आउटकर 198 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। काश्वी गौतम ने 54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। यहां इससे पहले जेमिमाह रॉड्रिग्स (52) और शेफाली वर्मा (35) की जूझारू





पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने डिनर तक आठ विकेट पर 184 रन बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करनी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ही ओवर में 18 के स्कोर पर स्मृति मंधाना (चार) का विकेट गंवा दिया। उन्हें लूसी हैमिल्टन ने आउट किया। इसके बाद शेफाली वर्मा और प्रतिका रावल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने शेफाली वर्मा (35) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रतिका रावल (18) को भी सदरलैंड ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज नियमित अंत. राल पर विकेट गंवाते रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर (19), दीप्ति शर्मा (सात), )चा घोष (11) और स्नेह राणा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने भारत के लिए सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। उन्होंने 84 गेंदों का सामना किया।

## दा वन स्पोर्ट्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी की

**जम्मू, वार्ता।** क्रिकेटर शिखर धवन द्वारा स्थापित 'दा वन स्पोर्ट्स' ने छात्रों के लिए बहु-खेल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिला स्थित जंगलोट के आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ रणनी. तिक साझेदारी की है। यह पहल क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे युवा एथलीटों को पेशेवर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। योग्य कोचो द्वारा अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन को निखारने के लिए तैयार यह कार्यक्रम कई खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और गोल्फ शामिल हैं। 'दा वन ग्रुप' के अध्यक्ष शिखर धवन ने कहा कि भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए अनुशासन, अवसर और युवा एथलीटों के विकास के लिए सही माहौल की मजबूत नींव की आवश्यकता होती है, विशेषकर जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों में जरूरी है, जहां संभावनाएं असीमित हैं। 'दा वन ग्रुप' की मुख्य कार्यकारी अंशिता गुप्ता ने कहा कि हमें आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। यह ऐसा संस्थान है, जो अनुशासन, उत्कृष्टता और खेल उपलब्धियों की भारतीय सेना की दीर्घकालिक विरासत को दर्शाता है।

# डायने पैरी ने वीनस विलियम्स को किया इंडियन वेल्स से बाहर



● डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को पहले दौर में हराकर बाहर किया

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** फ्रांस की टेनिस खिलाड़ी डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर के मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है।

फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को दो घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका की वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराया। इसी के साथ वीनस का बीएनपी परिबास ओपन 2026 में अभियान समाप्त हो गया। बीएनपी परिबास ओपन को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। उन्हें इस टूर्नामेंट के एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया था।

# भारतीय महिलाएं आज जापान से भिड़ेंगी



महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मैच में मजबूत जापान से भिड़ेगी

**पर्थ, (ऑस्ट्रेलिया), वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी। फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है।

वाल्वेर्डे ने कहा कि हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पज़ेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे। हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे। हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित की

अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया, हुसैन ने आखिरी बाद दिसम्बर 2024 में वनडे मैच खेला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मार्च से शुरु हो रही तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।

बांग्लादेश चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ ने बताया कि अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया है। हुसैन ने आखिरी बार दिसम्बर 2024 में एकदिवसीय मैच खेला था, महिद. ुल इस्लाम को टीम में बरकरार रखा गया है। इसके अलावा लिटन दास भी खराब फॉर्म के बावजूद टीम में जगह बनाए हुए हैं। चोटिल नुरुल हसन, जैकर अली अनिक और शमीम हुसैन बाहर हो गए हैं। इन दोनों के महीने के आखिर तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। हुसैन ने स्पष्ट किया कि लिटन दास के हालिया एकदिवसीय फॉर्म पर सवाल हो सकते हैं, लेकिन वह अपने खेल पर कोचों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि वह जल्द ही इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और हम मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए उन्हें एक ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अफिफ के पास अनुभव है और वह अभी अच्छी लय में दिख रहे हैं। महिदुल इस्लाम को रिटेन किया गया है और यह उनके लिए अपनी काबिलियत को पूरा करने का एक अच्छा मौका है।

## श्याम लाल कॉलेज ( प्रातः ) ने इंटर कॉलेज कबड्डी खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने दिल्ली यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट 2026 में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। आर्यभट्ट कॉलेज में तीन दिनों तक चले राउंड रोबिन लीग मुकाबलों में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम स्थान इस प्रकार रहे: प्रथम: श्याम लाल कॉलेज (प्रातः)। द्वितीय: डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज। तृतीय: हंसराज कॉलेज। श्याम लाल कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 41-22 से और आईजीआईपीईएसएस को 30-21 से हराया। एक लीग मैच में डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को 29-26 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज के अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। श्याम लाल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रबि नारायण कर ने टीम को चैंपियन बनने पर बधाई दी।

# वैलेंटोवा को हराकर वेकिक इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में



**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** क्रोएशिया की टेनिस खिलाड़ी डोना वेकिक ने बीएनपी परिबास ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में टेरेजा वैलेंटोवा को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के स्टेडियम 3 में गुरुवार को क्रोएशियाई वेकिक ने दो घंटे 38 मिनट के रोमांचक मुकाबले में कनाडा की वैलेंटोवा

● डोना वेकिक न कनाडा की टेरेजा वैलेंटोवा को 7-6(4), 7-6 (4)हराकर अगले दौर में प्रवेश किया

को 7-6 (4), 7-6 (4) से हराया। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने अक्टूबर में चेन्नई ओपन के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल की। दूसरे राउंड में वेकिक का सामना जेसिका पेगुला से होगा।

# अवसर बढ़ाने का हिस्सा है खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : मांडविया

● खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भारत के अधिकांश राज्यों और केंन्द्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के तीन शहरों में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 'अवसर और दायरे को बढ़ाने का हिस्सा' है।

छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से छह अप्रैल तक होने वाले पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सात पदक स्पर्धाएं एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती होंगी। इसके अलावा दो डेमो गेम मल्लखंभ और कबड्डी भी आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डा. मांडविया ने गुरुवार को कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे बढ़ते हुए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य हर उस युवा को अवसर और मंच प्रदान करना है जो खेलना चाहता है। यह पीएम के विकसित भारत के विजन का हिस्सा है, और इस यात्रा में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद अहम है और हमारे खिलाड़ी आधार का लगातार विस्तार समय की आवश्यकता है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आदिवासी समुदायों के प्रतिभाशाली युवाओं की जल्द पहचान हो, उन्हें व्यवस्थित तरीके से समर्थन मिले और उन्हें राष्ट्रीय खेल ढांचे में शामिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) का लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट 23 दिसम्बर को बिलासपुर के बी-आर- यादव स्पोर्ट्स स्टेडियम में औपचारिक रूप से लॉन्च किया।

# मानसिक रूप से मजबूत रहने की वजह से सैमसन ने हालिया परिणाम दिए : रवि शास्त्री



● कहा : संजू को अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाजी करते समय संजू सैमसन मानसिक रूप से अधिक मजबूत हैं और टी-20 विश्वकप में उनके हालिया परिणाम इसी बदलाव की वजह से आए हैं। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह एहसास हो गया है और वे इस बात को मान रहे हैं कि उन्हें और अधिक एकाग्र होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा।

संजू के साथ बात यह है कि उनके पास हर शॉट आता है, लेकिन एकाग्रता में कमी रह जाती है। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप मजबूत हो गया है और जब से वह टीम में आया है, तब से किसी को भी उसके कौशल या प्रतिभा पर शक नहीं हुआ है। शास्त्री ने कहा है कि उसका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म अभी बाकी है क्योंकि भारतीय टीम में उसकी भूमिका अब साफ तौर पर तय है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी सिर्फ 31 साल का है और एक असली मैच-विनर है। और जब आप (आज) जैसे शॉट खेलते हुए देखते हैं, तो उसमें क्लास, टच, पावर और जबरदस्त फोर्स दिखती है। यह बस अविश्वसनीय है। हालांकि सैमसन का फॉर्म भारत के लिए एक सुखद सरप्राइज रहा है, लेकिन साथी ओपनर अभिषेक शर्मा की हालिया कोशिशें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल से पहले कुछ चिंता का विषय हैं। अभिषेक ने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में सात पारियों में सिर्फ 89 रन बनाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत की एकादश में बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है और नंबर वन रैंक वाले टी-20 बल्लेबाजो को ब्लैक कैप्स के खिलाफ टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें अब बस उसके साथ बने रहना होगा। कोई बदलाव न करें क्योंकि टीम अच्छा खेल रही है। उसी पर टिके रहें और बस उसे बताएं कि अपनी काबि. लियत पर विश्वास करें, अपनी ताकत पर विश्वास करें और अपनी ताकत का साथ दें। हम आपका साथ देते हैं, आप अपनी ताकत का साथ दें और वहां जाकर खेलें। आखिरी गेम आपके लिए सबसे अच्छा गेम हो सकता है।

# पैसेंजर ट्रेन में मारपीट, महिलाओं से अभद्रता करने का आरोप



**कुंदरकी।** बरेली से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार रात मारपीट और महिलाओं से अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना के बाद ट्रेन कुंदरकी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रुक गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार एक युवक अपनी बहन और माता के साथ चंदौसी के पास सिसरका रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था। वह दिल्ली दवाई लेने जा रहा था। रास्ते में कुंदरकी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े होने और रास्ता देने को लेकर कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और 4-5 अज्ञात युवकों ने युवक के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक की बहन और माता के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। अचानक हुए इस विवाद से ट्रेन में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि करीब आधे घंटे तक ट्रेन कुंदरकी के पास खड़ी रही, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना ट्रेन के गार्ड ने स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। बताया जाता है कि सिसरका से सवार हुआ परिवार घटना के बाद ट्रेन से उतरकर कुंदरकी रेलवे स्टेशन पहुंच गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस' पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के भौतिकी विभाग की ओर से षविश्व ऊर्जा दक्षता दिवसष के अवसर पर ष्ऊर्जा दक्षता: स्थिरता की कुंजीष विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में ऊर्जा की खपत कम करने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, पर्यावरण को नुकसान से बचाने व भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों को बचाने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ साइंसेज के विभिन्न विभागों के 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए, भौतिकी विभाग के शिक्षक डॉ. गरिमा चौहान और डॉ. बालकृष्ण यादव ने बताया कि एम.एससी., भौतिक विज्ञान, प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा श्रीवास्तव ने प्रथम, बी.एससी., प्रथम वर्ष की छात्रा टीना यादव ने द्वितीय एवं एम.एससी., रसायन विज्ञान, द्वितीय वर्ष की छात्रा गुंजन शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष



व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना और ऊर्जा की बर्बादी को रोकना रहा।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में ऊर्जा के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है, और छोटी-छोटी आदतें जैसे कि अनावश्यक लाइटों का उपयोग न करना तथा अच्छे उपकरणों का उपयोग करना आदि से भी बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक व भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग, आयोजन सचिव डॉ. विधि गोयल, भौतिकी विभाग के डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. गरिमा चौहान, डॉ. बाल कृष्ण यादव समेत स्कूल के अन्य विभागों के कई शिक्षक और शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से योगदान दिया।

# माताजी के दर्शनार्थ अयोध्या रवाना

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के 120 श्रावक-श्राविकाएं और फैकल्टीज गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के दर्शनार्थ आज सवेरे कैंपस से अयोध्या रवाना हो गए हैं। ये सभी श्रावक-श्राविकाएं और फैकल्टीज श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान में शामिल रहे थे। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने संकल्प लिया था, महामंडल विधान में शामिल होने वाले इन स्टुडेंट्स को माताजी के मंगल आशीर्वाद के लिए अयोध्या भेजेंगे। उल्लेखनीय है, अयोध्या श्री आदिनाथ भगवान, श्री अजीतनाथ भगवान, श्री अभिनंदन नाथ भगवान, श्री सुमति नाथ भगवान, श्री अनंतनाथ भगवान की जन्म स्थली भी है। यह दल इन पांचों तीर्थंकरों की जन्मस्थली का दर्शन भी करेगा। साथ



ही यह दल सरयू तट पर आरती में भी शामिल होगा। इन श्रावक-श्राविकाओं के अलावा अयोध्या जाने वालों में टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन, प्रो. आरके जैन, डॉ. शैफाली जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि भी शामिल हैं। ये 120 स्टुडेंट्स एक दर्जन से अधिक कोर्सेज के हैं। यह जानकारी देते हुए टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने बताया, अयोध्या पहुंच कर श्रावक-श्राविकाओं के संग-संग फैकल्टीज और स्टाफ का यह दल सर्वप्रथम गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी को श्रीफल भेंट करके मंगल आशीर्वाद लेगा। इसके बाद वे पांचों तीर्थंकरों की जन्मस्थली के संग-संग श्रीराम लला के दर्शन भी करेंगे। ये श्रावक-श्राविकाएं बीसीए, बीटेक, बीबीए, बीलिब, एमबीए, एमबीए कॉर्पोरेट, बीटेक एआई, बीपीटी, बीएससी फॉरेंसिक साइंस, बीएफए, ऑप्टोमेट्री, बीकॉम, बीबीए आईबी के छात्र हैं। इस दल में श्री चिराग जैन, श्री सर्वज्ञ चौधरी, श्री प्रयास झांझरी, श्री पारस जैन, श्रीमती निकिता जैन, श्री आदित्य जैन, श्री श्रीश जैन, श्री आराध्य जैन, श्री धार्मिक जैन, श्रीमती आरजू जैन, श्री वैभव जैन भी शामिल हैं। यह दल रविवार की रात को टीएमयू कैंपस लौट आएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार तीन दिन में पुलिस की कार्रवाई

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 3 मार्च 2026 को सामने आया था, जब पीड़िता के पिता ने थाना डिलारी पहुंचकर लिखित तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव गक्खरपुर निवासी नकुल पुत्र रामौतार (लगभग 21 वर्ष) उनकी 11 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(2), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एम)/6 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डिलारी पुलिस ने आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी। पुलिस टीम ने तीन दिन के भीतर ही आरोपी नकुल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धनश्याम, हेड कांस्टेबल चन्द्रसैन और हेड कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे।

पुलिस ने आरोपी को समुचित अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्चियों के साथ किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने मनाई फूलों की होली

**चन्दौसी।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा फाल्गुन मास के अवसर पर देवी गणेश गंगा मंदिर परिसर में फूलों की होली और राधा-कृष्ण के मनमोहक नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि समिति सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती हैं। इस तरह के कार्यक्रमों में समिति की सभी सदस्याएं उत्साह के साथ सहयोग करती हैं कार्यक्रम के दौरान राधा- कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# अमेरिका-इजरायल युद्ध को लेकर किसान मजदूर सभा ने जताई चिंता

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा (एआईकेएमएस) जिला कमेटी मुरादाबाद ने अमेरिका-इजरायल युद्ध की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। संगठन की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि अमेरिका द्वारा इजरायल का समर्थन करते हुए युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाने से पूरे विश्व में तनाव और बढ़ गया है, जिसका सीधा असर आम जनता, विशेषकर गरीब और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है।

सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि युद्ध और सैन्य टकराव की राजनीति से वैश्विक स्तर पर आर्थिक संकट गहराता है। इससे खाद्यान्न, तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं, जिसका भार अंतत: किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों पर ही पड़ता है। संगठन ने कहा कि युद्ध की स्थिति मानवता के लिए घातक है और इससे निर्दोष लोगों की जान जा रही है। उपजिला अधिकारी प्रीति सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि विश्व के सभी देशों को युद्ध के बजाय शांति और कूटनीतिक समाधान का रास्ता अपनाना चाहिए। संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे युद्ध विराम के लिए ठोस पहल करें, ताकि निर्दोष नागरिकों की जान बचाई जा सके और विश्व में शांति कायम हो सके। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों से कहा कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता, बल्कि इसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है। उन्होंने मानवता और शांति की रक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की । बताया कि देश में शांति कायम करनेकी मांग को लेकर8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुराने एसडीएमपरिसर में संयुक्त संगठन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा । इसके बाद कार्यकर्ता तिकोनिया पार्क कदीर तिराहा से जुलूस निकाला जाएगा । जिसकी सूचना प्रशासनको दे दी गई है । संगठन के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में एकत्र हो ।टीएमयू के 120 श्रावक-श्राविकाएं।

# देव डुडेजा ने दूसरी बार सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया चन्दौसी का मान

**चन्दौसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार, 06 मार्च 2026 को घोषित कर दिया गया। देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शामिल इस परीक्षा में देशभर के लाखों युवाओं ने भाग लिया था, लेकिन कड़ी मेहनत, धैर्य और समर्पण के बल पर ही कुछ अभ्यर्थी अंतिम सूची में स्थान बनाने में सफल हो सके। इस बार के परिणामों में ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिससे यह साबित होता है कि प्रतिभा अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही है। सिविल सेवा परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अब भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण से गुजरना होगा, जिसके बाद वे अपने-अपने विभागों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालेंगे। इसी क्रम में चन्दौसी के मोहल्ला गणेश कॉलोनी निवासी देव डुडेजा ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर दूसरी बार सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। देव ने इस बार परीक्षा में 152वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। बता दें कि देव डुडेजा



की प्रारंभिक शिक्षा चन्दौसी के आरआरके स्कूल से हुई, जहां से उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान विषय में स्नातक (बी.ए.) तथा परास्नातक (एम.ए.) की शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार मेहनत करते रहे। देव के पिता इंद्र मोहन डुडेजा पिछले करीब 45 वर्षों से एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी के सामने चाय की कैंटीन चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, जबकि उनकी माता चंद्रप्रभा शिक्षिका हैं। माता-पिता के मार्गदर्शन, त्याग और प्रोत्साहन ने देव को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देव ने बताया कि उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जैसे ही देव का नाम चयन सूची में आया, परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों और परिचितों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। देव की इस उपलब्धि से चन्दौसी शहर और जनपद संभल के लोगों में भी गर्व का माहौल है।

# 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के तत्वावधान में 14 मार्च 2026, शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लोक अदालत के माध्यम से वादों का शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाता है, जिससे पक्षकारों को लंबे समय तक न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों का भी आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली, चेक बाउंस, राजस्व विवाद, श्रम विवाद, जलकर, बिजली बिल, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता फोरम, वैवाहिक व पारिवारिक विवाद सहित अन्य समझौतावादी मामलों का निपटारा किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों का आपसी समझौते के माध्यम से समाधान कराने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण पर किसी प्रकार की कोर्ट फीस नहीं लगती तथा निर्णय के विरुद्ध कोई अपील भी नहीं होती, जिससे दोनों पक्षों को शीघ्र न्याय मिलता है।

## कुत्तों का आतंक, घर में घुसकर पांच बकरियां-बकरों को नोचा

**कुंदरकी।** महमूदपुर माफी। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या पांच में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन हो रहे हमलों से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शनिवार को कुत्तों के झुंड ने वार्ड निवासी मुनब्बर हुसैन की 5ख6 बकरियां-बकरों को निशाना बनाकर हजारों रुपये का नुकसान पहुंचाया था। अभी इस घटना को चार दिन भी नहीं बीते थे कि एक बार फिर आवारा कुत्तों के झुंड ने वार्ड निवासी नाजिम अली के घर में घुसकर 5 बकरियां और बकरों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने जानवरों को बुरी तरह नोच डाला, जिससे कई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से पीड़ित परिवार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। नाजिम अली का कहना है कि इलाके में आवारा कुत्तों का झुंड लगातार बकरियां-बकरों को निशाना बना रहा है। कुत्तों ने बच्चों पर भी हमला करने की कोशिश की, जिससे परिवार और आसपास के लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत ने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन के नाम शिकायती पत्र देकर आवारा कुत्तों को जल्द पकड़वाने की मांग की है। चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सैन सैनी ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने वाली टीम को बुला लिया गया है और जल्द कार्रवाई कराई जाएगी।

# सांसद-विधायक रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हुए शामिल साथ में सैकड़ों रोजेदारों ने की शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला ठाकुरान में कुचले बस्ती में रमजान माह के अवसर पर एक पारंपरिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मोहल्ले के युवा नौजवान युवकों द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा सांसद जिया उर रहमान वर्क एवं सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान एडवोकेट सहित सैकड़ो की तादाद में रोजेदार उपस्थित रहे। ऐसा बीच सामूहिक रूप से रोजा अफ्तार किया गया। कार्यक्रम में आसिफ अफजाल उर्फ बिट्टू ,मोहम्मद आसिम, हाजी बॉबी, फैजान इलाही ,तसलीम साबरी, फैसल इरफान ,फैजान मोदी, मोहम्मद आमान, फराज इस्लाम, मोहम्मद अनस ,मोहम्मद आकिब, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद जीशान ,मोहम्मद फैज रजा, सूफी, मोहम्मदअरबाज, शमी आलम, एडवोकेट हाजी बाबू असरार, डॉक्टर जमीर अंसारी, मोहम्मद तसलीम, रईस एडवोकेट, मोइनुद्दीन हाजी, मोहम्मद असलम, आसिफ, शानू मोहम्मद, फैजान एडवोकेट, शमन जमीर अंसारी, फातिर वसीम ,जरीफ अंसारी आदि सहित सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

## पैगारफातपुर में फायरिंग के साथ चले लाठी-डंडे, दो घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में गुरुवार की रात 11 बजे दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग होने से अफरातफरी मच गई। गुरुवार की रात गांव के ही दो पक्षों में लाठी डंडों के साथ मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान फायरिंग भी की गई। दोनों पक्षों से बब्लू व जगदीश घायल हुए हैं। सूचना पर रात में ही डायल 112 व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से दोनों घायलों को थाने ले आये और सुबह शुक्रवार को मेडिकल कराया है। बबली पत्नी बब्लू निवासी पैगारफातपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गुरुवार की रात साढ़े दस बजे पति बब्लू पुत्र नेमचंद्र गांव में गमी की होली मिलकर घर आ रहे थे तभी रास्ते में घात लगाए बैठे पांच-छ: लोगों ने लाठी डंडे व तमन्चा की बट से मार-पीट की। शोर शराबा सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो आरोपी भागे।

बता दें कि बब्ली ने आठ वर्ष पूर्व गांव के ही बब्लू से प्रेम विवाह किया था तभी से आरोपी रंजिश रखते हैं। बबली ने उक्त लोगों से अपने पति, बच्चों व स्वयं को जान-माल का खतरा बताया है।

# ग्राम हुसैनपुर नानपुर में शुरू हुआ ए वन फूल्स पेट्रोल पंप

**मुरादाबाद।** ग्राम हुसैनपुर नानपुर के मध्य बिलारी मार्ग पर ए वन फूल्स नाम से इंडियन ऑयल का नया पेट्रोल पंप शुरू हो गया है। शुक्रवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने फीता काटकर पंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप केवल व्यवसायिक केंद्र नहीं होते, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा होते हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा, पारदर्शिता और नियमों का पालन बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंप प्रबंधन इंडियन ऑयल के सभी मानकों और सरकारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा। इस मार्ग में पेट्रोल पंप की कमी से वाहन चालकों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नए पेट्रोल पंप से क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस मार्ग से लगे गांवों में रहने वालों को भी इससे सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर नरेश चौहान, वीरपाल प्रजापति, आशीष सिंह, नसीम पाशा, अजीम मलिक, सतीश प्रजापति, आदित्य अग्रवाल, पुलकित, हिमांशु, प्रवेश, राजदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। मुझे खेद है, लेकिन मुझे इस घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली। अगर आपको और जानकारी चाहिए, तो आप ऑनलाइन खोज करने की कोशिश कर सकते हैं।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नीतीश का कदम

ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार की राजनीति में पहले से तय किसी योजना को अब अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाल के घटनाक्रमों को देखकर यह चर्चा तेज हो गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की तैयारी की जा रही है। इस घटनाक्रम की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नामांकन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पटना पहुंचना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया पूरी होती है तो बिहार की राजनीति में लगभग दो दशकों बाद सत्ता के शीर्ष पर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार ने कुछ ही महीने पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चार महीने से भी कम समय पहले उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि वे इस पद को छोड़ने के लिए तैयार हैं। 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास पर्याप्त बहुमत होने के कारण यह माना जा रहा है कि उनकी जीत लगभग निश्चित है। यदि ऐसा होता है तो मुख्यमंत्री के रूप में उनका करीब बीस वर्षों का लंबा राजनीतिक सफर समाप्त हो जाएगा। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि यह बदलाव होता है तो बिहार की सत्ता की कमान भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता को सौंपी जा सकती है। नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा के मजबूत प्रदर्शन ने ही नीतीश कुमार को दोबारा सत्ता में बने रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसी समय से राजनीतिक जानकार यह अनुमान लगाने लगे थे कि आगे चलकर मुख्यमंत्री पद को लेकर बदलाव हो सकता है, चाहे वह स्वेच्छा से हो या परिस्थितियों के कारण। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में बिहार एक ऐसा राज्य रहा है, जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। इस वजह से भी भाजपा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर चर्चा होती रही है। इसी बीच यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो अभी सक्रिय राजनीति में नए माने जाते हैं, उन्हें नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस तरह की चर्चाएं लगातार चल रही हैं। भाजपा की बढ़ती राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखने के लिए सत्ता में संत. ुलन बनाए रखना चाहेगी। संभव है कि जेडीयू उपमुख्यमंत्री पद अपने पास रखने की कोशिश करे ताकि संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे।

## वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव



हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे, मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखां. कत किया है, वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है, भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं, शीत युद्ध के बाद के दौर में जो शांति लाभ (पीस डिविडेंड) की अवधारणा थी, वह अब समाप्त होती दिखाई दे रही है।

**-एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, नौसेना प्रमुख**

# निजी शिक्षण संस्थानों को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी





**रोहित कौशिक**

**एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है।**

यह तकनीक का दौर है। तकनीक के इस दौर में कुछ नया और सबसे पहले करने की प्रतिस्पर्धा हो रही है। प्रतिस्पर्धा गलत नहीं है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है लेकिन जब प्रतिस्पर्धा में नवाचार को ग्लैमर का तड़का लगाने की कोशिश की जाए तो बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी की एक हरकत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई एक्सपो में प्रदर्शित एक रोबोटिक डॉग को खुद का बताकर पेश किया जबकि वह चीन में निर्मित रोबोटिक डॉग है जो ऑनलाइन खरीदने के लिए भी उपलब्ध है। इस मुद्दे पर हंगामा मचने के बाद यूनिवर्सिटी ने सफाई देते हुए कहा कि इस रोबोटिक डॉग को चीन की एक रोबोटिक कंपनी से खरीदा गया था और इसे सिर्फ एक एजुकेशनल टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। कई बार प्राइवेट यूनिवर्सिटी या फिर अन्य प्राइवेट शिक्षण संस्थान श्रेय लेने के चक्कर में कई तरह के घपले कर देते हैं।

इस दौर में जितनी तेजी के साथ तकनीक बदल रही है, उसने छात्रों पर एक दबाव बना दिया है। छात्र या पेशेवर इंजीनियर अपना समय, धन और ऊर्जा लगाकर एक नई तकनीक सीखते है। यह तकनीक सीखकर वे काम करना शुरू ही करते हैं कि एक नई तकनीक आ जाती है। तेजी के साथ तकनीक का बदलना यह संकेत दे रहा है भविष्य में छात्रों और पेशेवर इंजीनियरों पर दबाव और ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि अब एआई के मुद्दे पर विभिन्न स्तरों पर विचार-विमर्श हो रहा है। एक सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि हर क्षेत्र में एआई के दखल से क्या रोजगार की संभावनाएं कम हो जाएंगी ? हालांकि कहा जा रहा है कि एआई जानने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में सरकार अपनी तरह से काम कर रही है। सरक. ारी विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी शिक्षण संस्थान अपनी कुछ सीमाओं के बावजूद एआई के क्षेत्र में प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं। भविष्य में एआई की मांग बढ़ने की संभावना देखते हुए निजी विश्वविद्यालय और अन्य निजी शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में अपनी संभावनाएं भी ढूंढ़ रहे हैं। निजी होने के कारण ऐसे शिक्षण संस्थान अपने आर्थिक पक्ष पर भी ध्यान देते हैं। जाहिर है कि ऐसे शिक्षण संस्थानों का ध्यान सिर्फ शिक्षा प्रदान करने पर ही नहीं होता है। उनका ध्यान मुनाफा कमाने पर भी होता है। कई बार मुनाफा कमाने के चक्कर में निजी शिक्षण संस्थान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भूल जाते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी भूलने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निजी शिक्षण संस्थानों का सारा ध्यान मुनाफा कमाने पर लग जाता है। मुनाफा कमाने के लिए वे कई बार अपने क्रियाकलापों में ग्लैमर का तड़का लगाते हैं। बाजार में टिकने की चाह और हड़बड़ी में अपनी झूठी प्रतिष्ठा बनाने की कोशिश इन निजी शिक्षण संस्थानों को दूसरी ही दिशा में मोड़ देती है। एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है। इस दौर में निजी विश्वविद्यालयों को झूठी प्रतिष्ठा छोड़कर अपनी सच्ची प्रतिष्ठा को बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। अगर ईमानदारी के साथ प्रयास किए जाएं तो निजी विश्वविद्यालय अपनी साख बचाने में कामयाब हो सकते हैं।

यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है ? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ए संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके। निजी शिक्षण संस्थानों को भी अपने जिम्मेदारी समझनी होगी।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना चबाकर खाएंगे उतनी कैलोरी जलाएंगे

**सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा।**

जब कैलोरी बर्न करने की बात आती है तो लोगों का ध्यान सरपट सैर, साइकिल चलाना या ऐसे ही व्यायामों की ओर जाता है, चबाने का तो विचार तक नहीं आता। अब, एक नवीन अध्ययन बताता है कि दिन भर में हमारे द्वारा खर्च की जाने वाली कुल ऊर्जा में से लगभग 3 प्रतिशत ऊर्जा तो चबाने की क्रिया में खर्च होती है। कुछ सख्त या रेशेदार चीज चबाएं तो थोड़ी और अधिक ऊर्जा खर्च होगी। हालांकि यह ऊर्जा चलने या पाचन में खर्च होने वाली ऊर्जा से बहुत कम है, लेकिन अनुमान है कि इसकी भूमिका हमारे पूर्वजों के चेहरे को नया आकार देने में रही।

ऐसा माना जाता रहा है कि हमारे जबड़ों की साइज और दांतों का आकार चबाने को अधिक कुशल बनाने के लिए विक. सित हुआ था। जैसे-जैसे हमारे होमिनिड पूर्वज आसानी से चबाने वाले भोजन का सेवन करने लगे और भोजन को काटने-पीसने और पकाने लगे तो जबड़ों और दांतों का आकार भी छोटा होता गया। लेकिन यह जाने बिना कि हम दिनभर में चबाने में कितनी ऊर्जा खर्च करते हैं, यह बता पाना मुश्किल है कि क्या वाकई ऊर्जा की बचत ने इन परिवर्तनों में भूमिका निभाई थी। यह जानने के लिए मैनचेस्टर विश्वविद्यालय की जैविक मानव विज्ञानी एडम वैन केस्टरेन और उनके दल ने 21 प्रतिभागियों द्वारा खर्च की गई ऑक्सीजन और उत्पन्न कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा का मापन किया। इसके लिए प्रतिभागियों को एक हेलमेट जैसा यंत्र पहनाया गया था। फिर उन्हें 15 मिनट तक चबाने के लिए चुइंगम दी। यह चुइंगम स्वादहीन, गंधहीन और कैलोरी-रहित थी। ऐसा करना जरूरी था अन्यथा पाचन तंत्र सक्रिय होकर ऊर्जा की खपत करने लगता।चबाते समय प्रतिभागियों द्वारा प्रश्वासित वायु में कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। यह दर्शाता है कि चबाने पर शरीर ने अधिक कार्य किया। जब चुइंगम नर्म थी तब प्रतिभागियों का चयापचय औसतन 10 प्रतिशत बढ़ा। सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का



इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा। चबाने में मनुष्यों द्वारा खर्च होने वाली ऊर्जा गणना से अन्य होमिनिड्स के विकास के बारे में भी एक झलक मिल सकती है। मसलन 20 लाख से 40 लाख साल पूर्व रहने वाले ऑस्ट्रेलोपिथेकस के दांत आधुनिक मनुष्यों की तुलना में चार गुना बड़े थे और उनके जबड़े विशाल थे। वे चबाने में अधिक ऊर्जा लगाते होंगे। अन्य शोधकर्ता इस बात से सहमत नहीं है कि सिर्फ ऊर्जा की बचत ने जबड़ों और दांत के विकास का रुख बदला। इसमें अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अन्य कारकों की हो सकती है, जैसे ऐसे आकार के जबड़े विकसित होना जो दांतों के टूटने या घिसने की संभावना कम करते हों। प्रा तिक चयन में संभवतरू ऊर्जा दक्षता की तुलना में दांतों की सलामती को अधिक तरजीह मिली होगी, क्योंकि दांतों के बिना भोजन खाना मुश्किल है, और ऊर्जा मिलना भी।

**...स्रोत फीचर्स**

# न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध






**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने और उनके अधिकारों पर चर्चा करने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। 8 मार्च 1975 से ही दुनियाभर में यह दिवस प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी प्रगति के विविध पहलुओं पर भी विमर्श किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों से लेकर गरीबी के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने वाले समाधानों से ही किया जा सकता है। महिलाओं में निवेश करके हम बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समान दुनिया की दिशा में बदलाव को गति दे सकते हैं।

पिछले 50 वर्षों से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है लेकिन महिलाओं के प्रति अपराधों के दृष्टिकोण से देखें तो चिंता की बात यही है कि इतने वर्षों में भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जब हम महिलाओं के साथ लगातार सामने आती अपराधों की घटनाओं को देखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान सदी को महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करने वाली सदी बनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस कह चुके हैं कि न्याय, समानता तथा मानवाधिकारों के लिए लड़ाई तब तक अधूरी है, जब तक महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव जारी है। हालांकि महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं किन्तु दूसरी ओर यह भी कटु सत्य है कि महिला सुरक्षा के लाख दावों के बावजूद उनके साथ अत्याचार के मामलों में कमी नहीं आ रही है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। एक चौंकाने वाले अध्ययन में 78.4 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने सार्वजनिक स्थल हिंसा झेली है। करीब 68 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्होंने सार्वजनिक परिवहन में सफर करते समय हिंसा का अनुभव किया और इनमें से 38.5 फीसदी महिलाएं ऐसी हिंसा चुपचाप सह गई क्योंकि उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें क्या करना है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को इसी से समझा जा सकता है कि महिला सुरक्षा के लिए बने तमाम कानूनों के बावजूद अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे महिला पुलिसकर्मियों तक से छेड़छाड़ और उन पर हमला करने से भी नहीं डरते।

समूची मानवता को शर्मसार करती महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बहुत से मामले ऐसे होते हैं, जिनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो पाती और उनमें से अधिकांश मामले इसी का फायदा उठाकर दबा दिए जाते हैं तथा पीड़िताएं और उनके परिवार भय के साए में घुट-घुटकर जीने को विवश होते हैं। वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, तब लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे लेकिन यह सामा. जिक विडम्बना ही है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड के बाद भी हालात बदतर ही हुए हैं। ऐसी कोई भी वीभत्स घटना सामने आने के बाद हर बार एक ही सवाल खड़ा होता है कि आखिर भारतीय समाज में कब और कैसे मिलेगी महिलाओं को सुरक्षा? कब तक महिलाएं घर से बाहर कदम रखने के बाद इसी प्रकार भय के साए में जीने को विवश रहेंगी? चिंता की बात यह है कि महिला अपराधों के मामलों में साल दर साल स्थिति बदतर होती जा रही है और अपराधियों को सजा मिलने की दर बेहद कम है।

कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ढ़ीलेपन का ही नतीजा है कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधियों के हौंसले बुलंद नजर आते हैं। अहम प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार

## IRGC ने दी अमेरिका-इजरायल को नए हथियारों की चेतावनी, कहाः मिलेगी दर्दनाक चोट

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच गुरुवार रात को ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जिसमें क्लस्टर बम लगे थे। इस बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह एक 'लंबी लड़ाई' के लिए पूरी तरह से तैयार है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कार्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही ऐसे उन्नत हथियार पेश करने वाला है, जिनका अभी तक जंग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है। आईआरजीसी के ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने एक बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को 'आने वाली हमलों की नई लहर में दर्दनाक प्रहारों' के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई पहलें और हथियार रास्ते में हैं। यह बयान ईरान की सैन्य तैयारी और भविष्य की रणनीतियों को दर्शा रहा है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये नई टेक्नोलाजी अभी तक बड़े पैमाने पर तैनात नहीं की गई हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के पास ऐसे सैन्य संसाधन हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में अब ईरान उनका इस्तेमाल संघर्ष में एक नया मोड़ लाने के लिए कर सकता है।



■ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की

नैनी ने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में अब अधिक तैयार है। उन्होंने वर्तमान सैन्य टकराव को 'पवित्र और वैध युद्ध' बताया, जो ईरान के अपने बचाव के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है। ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बम गिराए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें क्लस्टर बम लगे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक बैलिस्टिक मिसाइलें जब जमीन की तरफ गिरती है तो उसका वारहेड ऊपर ही हवा में ही खुल जाता है और 20 से ज्यादा छोटे बम अलग-अलग होकर नीचे गिरते हैं। जिसको काबू करना आसान नहीं होता। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में पत्रकारों से बातचीतमें कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच तेजी से होनी चाहिए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।



जम्मू-कश्मीर। बडगाम में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन के दौरान उनकी तस्वीरें लिए खड़ी महिलाएं।

### अलगाववादी कुर्द समूहों ने ईरान में प्रवेश किया, तो सारे ठिकाने तबाह कर दिए जाएंगेः ईरान

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने इराक के कुर्द अलगाववादी समूह को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे तो कुर्दिस्तान में उनकी सभी सुविधाओं को निशाना बनाया जाएगा। रक्षा परिषद में ईरानी सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अली अकबर अहमदीन ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान-इराक सीमा के पास पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कुर्द और ईरानी अलगाववादी समूहों का उपयोग उसके खिलाफ जमीनी हमले के लिए करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने आज एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब से आगे यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट हैं।

### आर्थिक मुद्दों पर रूस-अमेरिका के बीच चर्चा: रयाबकोव

**मॉस्को।** रूस और अमेरिका आर्थिक मुद्दों पर गठित कार्य समूह के तहत संयुक्त फंड बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह बातचीत गोपनीय तरीके से चल रही है। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने स्पुतनिक से बातचीत में कहा कि इस प्रारूप में हो रही बातचीत गोपनीय है और इसमें संयुक्त फंड बनाने तथा अन्य द्विपक्षीय परियोजनाओं को लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संवाद में अन्य बातों के साथ संयुक्त फंड स्थापित करने और विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा हो रही है।

### रूस के सोची शहर में 4.5 तीव्रता का भूकंप कोई नुकसान नहीं

**सोची।** रूस में काला सागर के तट पर स्थित शहर सोची में शुक्रवार तड़के 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। शहर के मेयर आंद्रेई प्रोशुनिन ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह महसूस किए गए। उन्होंने अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, षरिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आज सुबह सोची में आया।

### अनिता शुक्ला इक्वाडोर की राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अनिता शुक्ला को इक्वाडोर में भारत में का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है जबकि फिजी में उच्चायुक्त सुनीत मेहता को टोंगा के उच्चायुक्त का भी प्रभार दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुशुक्ला अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और उनके शीघ्र ही इक्वाडोर में भारत के राजदूत का कार्यभार संभालने की संभावना है। वर्ष 2007 बैच के अधिकारी मेहता अभी फिजी में भारत के उच्चायुक्त हैं।

### ईरानी उप विदेश मंत्री डॉ. सईद ने दिखाया डोनाल्ड ट्रम्प को आईना

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर कर रहे दावा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डा. सईद खतीब. जादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिल्ली में रायसीना डायलाग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रम्प पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला। डा. खतीब. जादेह ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उप विदेश मंत्री डा. सईद खतीबजादेह ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं। ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ यह आक्रामकता क्यों शुरू की, और कहा कि अमेरिकी प्रशासन से इस सवाल का जवाब अलग-अलग मिलेगा। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजरायल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजरायल दशकों से 'ग्रेटर इजरायल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।



■ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिशः सईद

### कुवैत में ईरानी हमलों में अब तक 67 सैनिक घायल

**कुवैत सिटी।** ईरानी हमले में अब तक कुवैत में कुवैत सशस्त्र बल के 67 सैनिक घायल हो गए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने एक बयान में कहा कि घायल सैनिकों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। अल-अतवान ने कहा कि कुवैती सशस्त्र बल हाई अलर्ट पर हैं। सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ-साथ अन्य सरकारी संस्थानों के समन्वय में चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ए उपाय देश की सुरक्षा और नागरिकों एवं निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यापक राष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा हैं।

# ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुनेः ट्रम्प

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका और इजरायल ऐसे किसी उत्तराधिकारी को स्वीकार नहीं करेंगे जो दिवंगत नेता अली खामेनेई की नीतियों को जारी रखे। रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में नेतृत्व परिवर्तन भविष्य के अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी है जिन्हें वह 'अच्छा नेता' मानते हैं। एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने दिवंगत अयातुल्ला खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में खारिज करते हुए कहा कि खामेनेई का बेटा हल्का नेता है। मुझे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन के बाद डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व से अमेरिका को रणनीतिक लाभ मिला और वह ईरान में भी ऐसा ही परिणाम देखना चाहते हैं। ईरान में सर्वोच्च नेता के चयन की संवैधानिक प्रक्रिया धार्मिक विद्वानों की संस्था विशेषज्ञों की सभा के माध्यम से होती है। यह नए नेता की नियुक्ति करती है। इस बीच, ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता करने की उम्मीद में संपर्क किया है। सीएनएन ने बताया कि ईरानी इंटेलिजेंस अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने पर बातचीत कर रही है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है और निकट भविष्य में संभावित 'बाहर निकलने का रास्ता' बनने की उम्मीद कम है। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्ध समाप्त करने के विकल्पों पर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क की संभावना पर चर्चा हो रही है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने औपचारिक वार्ता से इनकार किया है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी खामेनेई का बेटा मंजूर नही

### हूती समूह ने ईरान को समर्थन देने की घोषणा की

**साना।** यमन के हूती समूह के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि वे ईरान के साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हूती नियंत्रित 'अल-मसीरा' टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविजन भाषण में मलिक ने गुरुवार को कहा कि अगर घटनाक्रम की मांग हुई, तो किसी भी क्षण हमारी उंगलियां ट्रिगर पर होंगी। उन्होंने इसे केवल किसी एक पक्ष के संघर्ष के बजाय 'पूरे देश की लड़ाई' बताया है। हुती नेता ने कहा कि इजरायल और उसके तमाम साथियों का इरादा बिना किसी नियंत्रण, प्रतिबंध या प्रतिबद्धता के देश के स्वतंत्र लोगों के खिलाफ खुली जंग छेड़ना है। मलिक ने चेतावनी दी कि 'दुश्मन' ठिकानों की एक सूची तैयार कर रहा है और कुछ अरब देशों से वित्तीय सहायता मांग रहा है तथा हथियारों का जखीरा जमा कर रहा है। उन्होंने अपने समर्थकों से शुक्रवार को एक साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील समय में एक महत्वपूर्ण संदेश होगा और इसका उद्देश्य ईरानी जनता के प्रति यमनी लोगों के पूर्ण समर्थन की पुष्टि करना है। इससे पहले गुरुवार को, यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने यमन को क्षेत्रीय टकरावों के एक नए चक्र में घसीटे जाने से बचाने के महत्व

# पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर दक्षिण कोरिया यूएई से 60 लाख बैरल तेल खरीदेगा

**सोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हून-सिक ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान के मद्देनजर दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपातकालीन आपूर्ति करेगा।

कांग ने कहा कि स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की ओर से यूएई अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। कांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की जिसमें 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति की पुष्टि हो गई। अधिकारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है और कई टैंकर मार्ग की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

■ राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के आयातित तेल का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है इसलिए सरकार ने तेल एवं गैस संकट के खतरे का स्तर बढ़ाकर 1 यानि 'सतर्क' कर दिया है। कांग ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत दक्षिण कोरिया के दो टैंकर जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 20 लाख बैरल है बारी-बारी से यूएई के बंदरगाहों पर माल भरने के लिए रवाना होंगे और जलडमरूमध्य को बाईपास करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई की सरकारी तेल कंपनी बंदरगाह के भंडारण से लगभग 40 लाख बैरल तेल स्थानांतरित करेगी जिसके बाद जहाज दक्षिण कोरिया लौट आएंगे। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने दक्षिण कोरिया के संयुक्त रणनीतिक भंडारण से 20 लाख बैरल तेल देने का वादा किया है। इस प्रकार, 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति से ऊर्जा आपूर्ति एवं ईंधन बाजारों में स्थिरता आने की उम्मीद है, जो दो दिनों से अधिक की राष्ट्रीय खपत के बराबर है।

# देवदूत बनीं भारतीय नर्सें, संघर्ष के साये में निभा रहीं कर्तव्य

**कुवैत।** पश्चिम एशिया में ज्यादातर देशों में संघर्ष का साया छाया हुआ लेकिन ऐसे समय में भी भारतीय नर्सों की सेवा और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। इनका काम राजनीतिक या सैन्य तनाव के बावजूद हमेशा की तरह बदस्तूर जारी है। 1990 के दशक का कुवैत युद्ध हो, 2003 का इराक युद्ध, सीरिया या मिस्र के गृह युद्ध या पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष, भारतीय नर्सें हमेशा देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाती रही हैं।

इसकी मिसाल कुवैत शहर से करीब 32 किलोमीटर पश्चिम में इराक सीमा के पास भट्टी की तरह तप रहे अल जाहरा में दिख जाता है। इस जगह को धरती पर सबसे गर्म जगहों में एक माना जाता है और यहां का तापमान 53 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। केरल की एक नर्स जैसमीन थॉमस (बदला हुआ नाम) अपने भारतीय साथियों के साथ अल जाहरा के एक छोटे से क्लिनिक में आम दिनों की तरह काम कर रही थी। कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे। देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे। धमाकों की तीव्रता बढ़ने पर जैसमीन और उनके साथी भागकर अपने हास्टल में शरण लेते हैं। हास्टल में वे सब हालात के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। कर्तव्य और अपनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की मशक्कत करते हुए जैसमीन और उनके साथी सोमवार को फिर से अपने काम पर लौट आएं लेकिन इस बार क्लिनिक में वे सब थे लेकिन मरीज नहीं। यह घटना भारतीय नर्सों के साहस, धैर्य और जिम्मेदारी को दिखाता है। ये ऐसी विशेषता है जो इस क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय नर्सों को अन्य लोगों से अलग पहचान दिलाती है। जैसमीन और ईरान में फंसी केरल की एक नर्स के अलावा ज्यादातर नर्सों ने कहा कि हम सुरक्षित हैं। संयुक्त अरब अमीरात में कार्यरत एक भारतीय स्वास्थ्यकर्मी ने कहा कि हमें बीच-बीच में चेतावनी सायरन सुनाई देते हैं लेकिन इसके अलावा अभी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है। अस्पताल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। सरकार हमलों को रोक रही है। कुवैत में कार्यरत एक नर्स ने भी यही बात कही और कहा कि अभी भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता की कोई वजह नहीं है। कई लोगों के लिए, मैसेज एक जैसा है। सऊदी अरब में कार्यरत एक अन्य नर्स ने कहा कि हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मीडिया के कुछ हिस्सों में जैसा दिखाया जा रहा है, उसके उलट। ड्रोन हमले हो रहे हैं, लेकिन देश अपना बचाव कर रहा है और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।




■ कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे, देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे

### सैन्य संघर्ष अब आक्रामक और विनाशकारी चरण में

# ईरान पर हमले का सातवां दिन

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर छेड़े गए युद्ध के सातवें दिन हवाई हमले काफी तेज हो गए हैं। यह सैन्य संघर्ष अब एक ऐसे आक्रामक और विनाशकारी चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक संपत्तियों को भी व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जा रहा है।

आइए इस युद्ध के ताजा जमीनी हालात, आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण, क्षेत्रीय प्रभाव और भविष्य के आउटलुक को सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं। ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फ़हान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए। गठबंधन सेनाओं ने ईरान के शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए युद्ध के एक नए चरण की शुरुआत की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, बी-2 स्टील्थ बाम्बर्स ने ईरान के भीतर गहराई में स्थित बैलिस्टिक मिसाइल लान्चर्स को नष्ट करने के लिए दर्जनों 2000 पाउंड के 'पेनिट्रेटर' बम गिराए हैं। अमेरिका ने ईरान की 'स्पेस कमांड' के समकक्ष ठिकानों पर भी सटीक हमला किया है ताकि उनकी क्षमता को कमजोर किया जा सके। इसके समानांतर, इजरायल की वायु सेना ने 6 ईरानी मिसाइल लान्चर्स और तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने का दावा किया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि बमबारी में भारी वृद्धि होने वाली है, जिसके तहत आगे 'अधिक फाइटर स्क्वाड्रन' और 'अधिक बाम्बर पल्स' का इस्तेमाल किया जाएगा। ईरान में मानवीय संकट के आंकड़े चिंताजनक हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के अनुसार, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 1332 के पार पहुँच गई है। सबसे दुखद यह है कि इनमें 181 बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 175 बच्चे युद्ध के पहले दिन मीनाब में एक लड़कियों के प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए थे।



■ अब तक 1332 मौतें, करीब 3643 सार्वजनिक संपत्तियां खाक

### विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 2.119 अरब डॉलर घटकर 723.608 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार में 4.141 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 131.63 अरब डॉलर पर रहा जो चार सप्ताह का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 56.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी रही और यह 573.125 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिका डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 15.8 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 2.6 करोड़ डॉलर बढ़ा तथा क्रमशः 4.873 अरब डॉलर और 18.866 अरब डॉलर हो गया।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108